www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

* ओड़िशा संस्करण **रांची**

22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00




www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची

22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची

22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



www.epaper.azadsipahi.com

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची

22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची

22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00














| MODEL | | MRP | OFFER |
|---|---|---|---|
| TH-32J200DX | LED BASIC | 19990 | 13800 |
| TH-32LS550DX | LED SMART | 23990 | 15600 |
| TH-32LS670DX | LED SMART | 25490 | 17750 |
| TH-40HS450DX | LED SMART | 36990 | 27500 |
| TH-42JS650DX | LED SMART | 42990 | 28600 |
| TH-43LS700DX | LED SMART | 42990 | 29600 |
| TH-43LX700DX | 4K LED SMART | 50990 | 33250 |
| TH-43LX750DX | 4K LED SMART | 56990 | 40200 |
| TH-55LX700DX | 4K LED SMART | 73990 | 47850 |
| TH-55LX750DX | 4K LED SMART | 82990 | 54800 |
| TH-55LX850DX | 4K LED SMART | 89990 | 64000 |
| TH-65LX700DX | 4K LED SMART | 109990 | 73200 |
| TH-65LX80DX | 4K LED SMART | 129990 | 92000 |
| TH-75LX730DX | 4K LED SMART | 214990 | 140000 |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,800 रु./10 ग्राम
चांदी 60,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



### 24 साल बाद गांधी-नेहरू परिवार के बाहर का अध्यक्ष बनने से पार्टी को होगा लाभ

# खड़गे की कप्तानी में कितना बदलेगी कांग्रेस

**नौ बार के विधायक, दो बार के लोकसभा सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में रहे मल्लिकार्जुन खड़गे का देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का अध्यक्ष बनना आधुनिक भारत के राजनीतिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ तो है ही, 137 साल पुरानी कांग्रेस के लिए भी 21वीं सदी की सबसे अहम घटना है। पार्टी अध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में उन्होंने भारी जीत हासिल तो कर ली है, लेकिन उनके सामने बड़ा सवाल यही है कि क्या वह कमजोर हो रही पार्टी की हड्डियों को नयी मजबूती दे सकेंगे। 24 साल बाद गांधी-नेहरू परिवार के बाहर का अध्यक्ष चुने जाने के बाद क्या10 जनपथ से चल रही कांग्रेस का फोकस अब 10 राजाजी मार्ग होगा, जो खड़गे का निवास है या खड़गे शीर्ष नेतृत्व की प्रतिछाया मात्र होंगे? या फिर वह उन फैसलों की ढाल भर होंगे, जिन्हें लेने में आलाकमान पीछे हटता रहा है? या कि वह उनका चेहरा बनेंगे, जिनसे सीधे मिलने में आलाकमान झिझकता रहा है? ये ऐसे सवाल हैं, जिनसे 80 साल के तपे-तपाये कांग्रेसी खड़गे को पहले ही दिन से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। लेकिन इन तमाम सवालों के बीच कांग्रेस ने मील का एक पत्थर तो कायम कर ही दिया कि उसने पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था का सार्वजनिक प्रदर्शन किया। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि खड़गे का चुनाव कर कांग्रेस एक झटके में उस आरोप के घेरे से बाहर निकल गयी है, जिसे 'परिवारवाद' कहा जाता है। लेकिन इसका कांग्रेस पर कोई असर होगा या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। कर्नाटक के पंचायत स्तर से ऊपर उठ कर पार्टी का अध्यक्ष बननेवाले खड़गे के पास राजनीति का लंबा अनुभव तो है, लेकिन आक्रामक राजनीति के इस दौर में वह कांग्रेस के रथ को कितनी दूर तक खींच पायेंगे, यह भी देखनेवाली बात होगी। फिलहाल खड़गे के अध्यक्ष बनने पर हर राज्य में कांग्रेसी खुशियां मना रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं। बैनर-पोस्टर में उनकी तसवीर के साथ अपनी तसवीर लगा कर चारों ओर प्रदर्शन करने की होड़ लगी है। झारखंड में भी होर्डिंग्स और बैनर चहुंओर दिख रहे हैं। होड़ इस तरह की कि कोई कार्यकर्ता इसमें पीछे रहना नहीं चाहता। खड़गे की जीत के सियासी मायने और कांग्रेस को होनेवाले लाभ के साथ पार्टी में संभावित बदलाव पर नजर डाल रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को अततः नया गैर-गांधी अध्यक्ष मिल गया है। ऐसा 24 सालों के बाद हुआ है। 80 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के नये अध्यक्ष हैं। अर्से बाद कांग्रेस मुख्यालय में ढोल-नगाड़े सुनाई दिये और यह खुशी किसी आम चुनाव की नहीं, बल्कि आंतरिक चुनाव को लेकर थी। चुनाव कवर करने वालों के लिए यह बहुत ही नया अनुभव था, क्योंकि जीतने वाला तो खुश था ही, हारने वाला भी मुस्कुरा रहा था।

खड़गे के पास राजनीति का विराट अनुभव है और वह कर्नाटक के पंचायत स्तर के चुनावों से चल कर यहां तक पहुंचे हैं। यह कांग्रेस के लिए बड़ी बात तो है ही, पार्टी के एक आम कार्यकर्ता के लिए भी यह उत्साह बढ़ानेवाली बात हो सकती है। खड़गे की जीत और उनकी नयी भूमिका को इन दो बातों से समझा जा सकता है- पहला, 'भारत जोड़ो यात्रा' के पदयात्री राहुल गांधी ने कहा कि 'जो पार्टी अध्यक्ष कहेंगे, वही करूंगा' और दूसरे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी खुद खड़गे से मिलने उनके घर गयीं। अब तक की परंपरा में खड़गे ने आलाकमान से मिलने का वक्त मांगा था, जो कि नहीं मिला और वे दोनों खड़गे से मिलने पहुंचीं। आलाकमान फिलहाल कमान खड़गे को सौंपता हुआ केवल दिख रहा है। वह देगा भी, इसके लिए कुछ समय पार्टी को देना होगा।

खड़गे का चुनाव कांग्रेस को अन्य दलों से आगे खड़ा करता है, क्योंकि एक तरफ उस पर लगे परिवारवाद का आरोप अब बीती बात हो चुकी है और दूसरे कि भाजपा के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में से किसी ने इस तरह की आंतरिक चुनाव व्यवस्था अब तक नहीं बनायी है। यह पीएम मोदी की भी जीत है, जिन्होंने कई अवसरों पर कांग्रेस को परिवार के बाहर आकर चुनाव कराने का सुझाव दिया था। इसलिए उन्होंने शानदार राजनीतिक परंपरा कायम करते हुए खड़गे को बधाई संदेश भेजा।

## अब कांग्रेस में किस रोल में रहेंगे राहुल-प्रियंका गांधी



लेकिन खड़गे के चुनाव जीतने के बाद से कई सवाल फिजाओं में तैर रहे हैं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष बनना कई मामलों में ऐतिहासिक है। चाहे पांच दशक बाद किसी दलित के कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने की बात हो या दक्षिण भारत से आने वाले किसी नेता के छठी बार कांग्रेस के सिरमौर बनने की। ऐसे में यह समझना जरूरी हो जाता है कि उनकी जीत का पार्टी और गांधी-नेहरू परिवार के लिए क्या मायने हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया से साफ हो जाता है कि पार्टी में एक ऐसा समूह अब भी सक्रिय है, जो गांधी-नेहरू परिवार के खिलाफ है। यह सही है कि खड़गे और शशि थरूर को मिले वोटों के आकंड़े को देख कर पता चलता है कि खड़गे की जीत ब्लॉक बस्टर से कम नहीं है, लेकिन थरूर का एक हजार वोटों का आंकड़ा पार करने में सफल रहना भी पार्टी में कई नेताओं को आश्चर्य में डाल गया होगा। शशि थरूर पार्टी के अंदर संगठनात्मक स्तर पर बड़े बदलाव की मांग करने वाले जी-23 के सदस्य रहे हैं और उनके विपरीत खड़गे को गांधी परिवार का विश्वासपात्र माना जाता है। पूरे चुनाव के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे को गांधी परिवार का 'अनौपचारिक आधिकारिक उम्मीदवार' माना गया। ऐसे में शशि थरूर को मिले वोट बताते हैं कि पार्टी के अंदर के योग्य मतदाताओं में 11 फीसदी से अधिक लोग गांधी परिवार की कार्यशैली के खिलाफ हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस पर परिवारवाद का सबसे ज्यादा आरोप लगा है और इसे साबित करने के लिए विरोधी अब तक पार्टी अध्यक्ष पद पर परिवार की पकड़ के आंकड़ों को पेश करते हैं। 1992 और 1998 के बीच की अवधि को छोड़ कर (जब पीवी नरसिंह राव और सीताराम केसरी शीर्ष पद पर थे) पार्टी के अध्यक्ष पद पर 1978 से गांधी परिवार के ही किसी एक सदस्य का कब्जा रहा। दरअसल कांग्रेस के लगभग 137 साल पुराने इतिहास में अध्यक्ष पद के लिए आज तक सिर्फ छह बार चुनाव हुए हैं, 1939, 1950, 1977, 1987, 2000 और 2022 में। लेकिन अब 24 साल बाद परिवार के बाहर मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने से पार्टी के पास परिवारवाद के इस आरोप का मुकाबला करने की काट आ गयी है।

वैसे यह मानने में कोई हर्ज नहीं है कि चूंकि मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस का वर्तमान और अतीत दोनों देखा है और वह 1969 से कांग्रेस के साथ हैं। इसलिए वह अपने अनुभव का लाभ पार्टी को देंगे और पार्टी को परिवार की छाया से बाहर निकालने में सक्षम होंगे। इसके साथ खड़गे अध्यक्ष बन कर कांग्रेस को भाजपा के दलित दांव की काट निकालने में मदद कर सकते हैं। इसलिए यह देखना खास होगा कि वह अपनी रणनीतियों से कैसे कांग्रेस के लिए 2024 चुनाव के फॉर्मूले में फिट होंगे।

2014 में जब कांग्रेस लोकसभा में केवल 44 सदस्यों तक सिमट गयी थी, तब गुलबर्गा से दूसरी बार जीते खड़गे को लोकसभा में कांग्रेस का नेता बनाया गया था। तब महाभारत का सहारा लेते हुए खड़गे ने प्रसिद्ध रूप से कहा था, हम लोकसभा में भले ही संख्या में केवल 44 हो सकते हैं, लेकिन पांडव कभी भी सौ कौरवों से नहीं डरे। कांग्रेस के सेना नायक के रूप में वह 2024 के महाभारत में पार्टी के रथ को कहां तक खींच पाते हैं, यह तो समय बतायेगा, लेकिन उनके सामने पहली चुनौती राहुल-प्रियंका की भूमिका तय करने की है, जिन्हें आज भी आम कांग्रेसी अपना नेता मानता है। राजनीतिक रूप से परिपक्व हो रहे इन भाई-बहनों से खड़गे कैसे काम लेते हैं, इससे ही उनका राजनीतिक कौशल सामने आयेगा।

# झारखंड में मतांतरण होने से हिंदुओं की संख्या कम हो रही: संजय कुमार

**कहा- जनजातीय समुदाय में विकसित हुआ हिंदू होने का बोध**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों में भी स्वाभिमान जागरण के कारण मैं भी हिंदू हूं का बोध विकसित हुआ है। इस जनजातीय समुदाय के लोग अब संघ से भी जुड़ रहे हैं। प्रांत कार्यवाह शुक्रवार को रांची में विश्व संवाद केंद्र के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में जनसंख्या विस्फोट चिंताजनक है। इसलिए इस विषय पर समग्रता से और एकात्मता से विचार कर-के सब पर लागू होने वाली जनसंख्या नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में मतांतरण होने से हिंदुओं की संख्या कम हो रही है। राज्य के कई हिस्सों में मतांतरण की साजिश चल रही है। कुछ सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ भी हो रही है। जनसंख्या असंतुलन के कारण कई देशों में विभाजन की नौबत आई है।

**वर्ष 2024 के अंत तक झारखंड के सभी मंडलों में शाखा पहुंचाने की योजना**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के अंत तक झारखंड के सभी मंडलों में शाखा पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। प्रांत कार्यवाह ने कहा कि देश में 54382 संघ की शाखाएं थी। अब वर्तमान में 61045 शाखाएं लग रही है। साप्ताहिक मिलन में भी 4000 और मासिक संघ मंडली में विगत एक वर्ष में 1800 की बढ़ोतरी हुई है जबकि झारखंड में अभी 438 स्थानों पर 644 प्रतिदिन लगने वाली शाखा, 407 सप्ताह में एक दिन तथा 57 वैसे स्थान हैं जहां महीना में एक दिन शाखा लगती है। झारखंड में अभी कुल 24 जिले और चार महानगर है। 24 जिलों के 1264 ग्रामीण मण्डल में 344 शाखायुक्त एवं 204 अपने संपर्क युक्त हैं। चार महानगरों के कुल 52 नगरों में 530 बस्ती हैं, जिनमें 173 शाखायुक्त एवं 112 संपर्क युक्त हैं। इस वर्ष अपने गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में कुल 2528 स्थानों पर सम्पन्न हुए, जिनमें कुल 93501 स्वयंसेवक भाग लिए।

प्रांत कार्यवाह ने कहा कि वर्ष 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस निमित्त संघ कार्य के लिए समय देने के लिए देशभर में तीन हजार युवक शताब्दी विस्तारक के नाते निकले हैं। अभी एक हजार शताब्दी विस्तारक और निकलने है। उन्होंने कहा कि बताया कि संगम नगरी में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में जनसंख्या असंतुलन, महिला सहभागिता, मतांतरण और आर्थिक स्वावलंबन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही संघ कार्यों को विस्तार प्रदान करने की विस्तृत कार्ययोजना के संबंध में विचार मंथन हुआ। प्रेस वार्ता में क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, प्रांत प्रचार प्रमुख धनंजय सिंह उपस्थित थे।

# दूसरी जाति के लड़के से प्रेम करने पर परिजनों ने लड़की का सिर मूड़ा

**आजाद सिपाही संवाददात**

**पुलिस ने कहा, बचपन में मुंडन नहीं हुआ था तो परिजनों ने मुंडन किया है**

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र की सलगी पंचायत में दूसरी जाति के लड़के से प्रेम करने पर लड़की के बाल मूड़ने, चूना का टीका लगाने और जूते की माला पहनाने का मामला चर्चा में है। हालांकि इस मामले में थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन लड़की के परिजनों ने ही उसके साथ ऐसा सलूक किया है। अब कानूनी कार्रवाई के डर से मामले को अलग रंग देने की कोशिश हो रही है। इस बीच लड़की को परिजनों ने कहीं छिपा दिया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार का कहना है कि लड़की के बाल मूड़ने की बात सामने आयी है। मगर गांव में घुमाने की बात गलत है। लड़की 18 साल की बालिग है। घर पहुंच कर पुलिस ने लड़की और परिवार वालों से बात की है। उन्होंने कहा कि बचपन में मुंडन नहीं हुआ था, इसलिए मुंडन किया गया।

इधर सूत्रों का कहना है कि दूसरी जाति के लड़के से प्रेम करने के कारण लड़की के बाल मूड़े गये हैं। कुछ ग्रामीण और लड़की के कथित प्रेमी ने बताया कि चार-पांच वर्षो से दोनों का प्रेम संबंध है। दोनों अगल-बगल गांव के रहनेवाले हैं। पहले भी लड़की प्रेमी के घर में रह चुकी है। जानकारी मिलने पर लड़की को उसके परिजन जबरन अपने घर ले गये थे। सामाजिक पंचायत की बैठक कर उसे जबरन घर वापस लाया गया। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि लड़की की जम कर पिटाई की गयी है और जब लड़की प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही तो उसके बाल मूड़ दिये गये। चूना का टीका लगा जूते-चप्पल का माला पहनाया गया। लड़की पूरी तरह से भयभीत है। उसे काफी डराया-धमकाया गया है। उसे छिपा कर रखा गया है। लोगों के सामने नहीं आने दिया जा रहा है। बताया जाता है कि लड़की अपने प्रेमी के घर में थी, तभी 17 अक्तूबर को उसके माता-पिता गांव के लोगों के साथ पहुंचे और दोनों को अलग कर दिया। वहीं से उसे पीटते हुए घर लेकर आये।

इधर, लड़की के पिता का कहना है कि हम लोग 40-45 लोग लड़की को वापस लाने गये थे। गांव के कुछ लड़के उनके साथ थे, उन्होंने ही ऐसा काम किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। सामाजिक रीति-रिवाज के साथ लड़की का विवाह करेंगे। परिजनों की इस मामले में विरोधाभासी बातें इशारा कर रही हैं कि लड़की के साथ ज्यादती हुई है। बहरहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं होने के कारण पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा से प्रोन्नत हुए 40 आइएएस को मिली पोस्टिंग

## गोपाल जी तिवारी बने कृषि पशुपालन विभाग में संयुक्त सचिव

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा के 40 अधिकारियों को पिछले दिनों भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली थी। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ओएसडी रहे गोपाल जी तिवारी को कृषि एवं पशुपालन विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है।

### जानें किस अधिकारी को मिला किस विभाग में पोस्टिंग

| नाम | विभाग | पद |
|---|---|---|
| निसार अहमद | अनुसूचित जाति,जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग-संयुक्त सचिव | |
| रवि रंजन मिश्रा | अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग-संयुक्त सचिव | |
| आलोक त्रिवेदी | स्वास्थ्य विभाग | संयुक्त सचिव |
| संजय सिन्हा | गोड्डा जिला परिषद | उप विकास आयुक्त |
| मनोज जायसवाल | ऊर्जा विभाग | संयुक्त सचिव |
| अनिल कुमार सिंह | चास नगर निगम | अपर नगर आयुक्त |
| हरि कुमार केसरी | खान एवं भूतत्व विभाग | संयुक्त सचिव |
| जगबंधु महता | अनुसूचित जनजाति, जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग- | संयुक्त सचिव |
| बिंदेश्वरी | ततमा समेकित जनजाति विकास अभिकरण लातेहार | परियोजना निर्देशक |
| इंदु रानी | राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम धनबाद | निर्देशक |
| अरुण वालटर संगा | जिला परिषद सिमडेगा | उप विकास आयुक्त |
| दशरथ चंद्र दास | राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग | संयुक्त सचिव |
| सुमन कैथरिन किस्पोट्टा | राजस्व विभाग | संयुक्त सचिव |
| बालकिशन मुंडा | खान एवं भूतत्व विभाग | संयुक्त सचिव |
| लालचंद दांडेल | मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग | संयुक्त सचिव |
| गायत्री कुमारी | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी | संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी |
| नगेंद्र कुमार सिन्हा | रामगढ़ जिला परिषद | उप विकास आयुक्त |
| शशि प्रकाश झा | पशुपालन निदेशक | निदेशक |
| अंजनी कुमार मिश्रा | राजस्व विभाग | संयुक्त सचिव |
| संजय बिहारी | सूचना प्रौद्योगिकी विभाग | संयुक्त सचिव |
| अमित दुबे | ऊर्जा विभाग | सयुंक्त सचिव |
| अमित प्रकाश | श्रम नियोजन विभाग | संयुक्त सचिव |
| गोपाल जी तिवारी | कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग | संयुक्त सचिव |
| शेखर जमुआर | खान एवं भूतत्व विभाग | संयुक्त सचिव |
| संजय कुमार | झारखंड राज्य खाद्य आयोग | सदस्य सचिव |
| अरविंद कुमार | खूंटी के अपर समाहर्ता | अपर समाहर्ता |
| राजू रंजन राय | वन पर्यावरण विभाग | संयुक्त सचिव |
| पवन कुमार | श्रम नियोजन विभाग | संयुक्त सचिव |
| अनिल कुमार | बंदोबस्त पदाधिकारी, पलामू | बंदोबस्त पदाधिकारी, पलामू |
| मनमोहन प्रसाद | गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग | संयुक्त सचिव |
| कुमुद सहाय | स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग | संयुक्त सचिव |
| शशि भूषण मेहरा | गिरिडीह जिला परिषद | उप विकास आयुक्त |
| प्रदीप तिग्गा | गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग | संयुक्त सचिव |
| मनोहर मरांडी | नगर विकास एवं आवास विभाग | संयुक्त सचिव |
| अमल कृष्ण सत्यजीत | राज्यपाल सचिवालय | संयुक्त सचिव |
| ज्ञानेंद्र कुमार | नगर विकास एवं आवास विभाग | संयुक्त सचिव |
| अजय कुमार सिंह | झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार | रांची के क्षेत्रीय निर्देशक |
| अभय नंदन अम्बष्ट | जल संसाधन विभाग | संयुक्त सचिव |

www.epaper.azadsipahi.com
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
22 अक्टूबर, 2022 शनिवार, वर्ष 08, अंक 05 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2079 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### कर्रा प्रखंड के मनरेगा पार्क में किसान पाठशाला का उद्घाटन

# झारखंड में खोली जायेंगी एक सौ किसान पाठशाला : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कर्रा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे राज्य में एक सौ किसान पाठशाला खोले जायेंगे। इसकी शुरूआत आज कर्रा से हुई, जहां पहले पाठशाला का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य की 80 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है। इसलिए किसानों को सही प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता देकर उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के मनरेगा पार्क में किसान पाठशाला का उद्घाटन करने के बाद कर्रा रेल फाटक मैदान में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कर्रा पहुंचने पर झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सहित अन्य कार्यकताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया।

**पूर्व की सराकरों में योजना का लाभ नहीं मिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर क्षेत्र में लोगों को योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इसे लेकर सरकार चिंतित थी। पूर्व की सरकारों में जरूरतमंदों को योजना का लाभ नहीं मिला, लेकिन आपकी सरकार ने योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इसी का प्रतिफल है कि सरकार आपकी योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे तक पहुंच रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि गांव-गांव पदाधिकारी पहुंच रहे हैं और आपको योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं।

**सरकार सभी का ध्यान रख रही :** मुख्यमंत्री ने कहा खूंटी वीरों की भूमि है। यहां हक-अधिकार को लेकर आंदोलन हुए थे। पूर्व की सरकार में पत्थलगड़ी को दर्ज लेकर दर्ज मामलों को आपकी सरकार ने वापस लिया है। राज्य सरकार राज्यकर्मियों को लेकर भी कई निर्णय लिये हैं। उनके वर्षों पुरानी मांगों को पूरा किया गया। पुलिसकर्मियों के लिए भी निर्णय लिए गये। सरकार जल्द सहायक पुलिसकर्मियों के लिए भी सम्मानजनक रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी का लगातार प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से सभी बच्चियों को जोड़ना है। इसके लिए आयोजित हो रहे शिविर सहायक बन रहें हैं। राज्य की सरकारी स्कूलों को निजी विद्यालय के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जहां सीबीएसई के तर्ज पर शिक्षा दी जाएगी। यहां के प्रतिभावान बच्चे विदेशों में सरकार के सहयोग से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**उन्नत खेती में बनेगा सहायक :** मुख्यमंत्री ने कहा किसान पाठशाला का शुभारंभ हुआ है। सरकार द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसान पाठशाला कें माध्यम से किसानों को वैकल्पिक संसाधनों के साथ-साथ तकनीकी सुविधाओं और उन्नत कृषि प्रणालियों की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसान यदि वैज्ञानिक तरीके से खेती करें, तो उन्हें नौकरी की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वे नौकरी वालों से अधिक कर्माइ कर सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि हाट बाजार में हंड़िया-दारू न बेचें और फूलों झालो आशीर्वाद योजना का लाभ उठाएं।

**मुख्यमंत्री ने बढ़ाया बच्चियों का हौसला :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिला के जइइ मेंस औरा एनइइटी क्वालीफाई करने वाली पांच छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनको प्रोत्साहित करने लिए एक-एक लैपटॉप उपहार स्वरूप देने की घोषणा की।। इन बच्चियों में दयामनी सांगा और एलिशा हस्सा ने जेइइ मेंस एवं दीपा पूर्ति, पूजा कुमारी और वाटिका कुमारी एनइइटी क्वालीफाई किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ छात्रों को जल्द मिलेगा।

**कश्मीर से बेहतर हैं खूंटी के पर्यटन स्थल :** मुख्यमंत्री हेमत सोरेन ने कहा कि पिछले महीने मैं लतरातू जलाशय और पेरवाघाघ जल प्रपात गया था, वहां की सुंदरता कश्मीर में भी नहीं हैं। सीएम ने कहा कि खूंटी के पर्यटन स्थलों पर विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम को मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता के अलावा उपायुक्त और अन्य अधिकारियों ने भी संबोधित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने 322 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

# आज धनतेरस पर बरसेगा धन

- आज सुबह 8 बजे से खरीदारी और निवेश के मुहूर्त
- रविवार को भी कर सकेंगे धनतेरस की खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** धनतेरस से पांच दिनों का दीपोत्सव पर्व शुरू हो रहा है। इस बार धनतेरस 22 की शाम 6 बजे से शुरू होगी और 23 की शाम 6 बजे तक रहेगी। इस कारण धनतेरस 22 और 23 दोनों दिन मानी जायेगी। 22 की शाम में धन्वंतरि पूजा और यम दीपदान के लिए 1-1 मुहूर्त रहेंगे और खरीदारी के लिए पूरा दिन शुभ रहेगा। इस दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है, मान्यता है कि इस योग में किये गये कामों का 3 गुना फल मिलता है। 23 को पूरे दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। इसलिए हर तरह की खरीदारी, निवेश और नयी शुरूआत के लिए पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेंगे। धनतेरस पर सोना-चांदी और बर्तन खरीदने की परंपरा भी है। इस दिन शाम को प्रदोष काल में भगवान धन्वंतरि के साथ कुबेर और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। अकाल मृत्यु से बचने और अच्छी सेहत की कामना से घर के बाहर यमराज के लिए दक्षिण दिशा में एक बत्ती का दीपक जलाया जाता है।

# रांची में अपराधियों ने सरेआम व्यवसायी को मारी गोली

- पुलिस ने फायरिंग करनेवाले अपराधियों के फुटेज जारी किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र के विष्णु गली स्थित मंगलम प्लाईवुड में अज्ञात अपराधियों ने सरेआम फायरिंग की। बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। यह घटना शुक्रवार की दोपहर की है। अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अवस्था में व्यवसायी सौरभ साबू को सेवा सदन अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकाला गया जिसमें दो अपराधी भागते दिखे हैं। एक अपराधी हाथ में पिस्टल लिये सरेआम सड़क पर भागता देखा गया है। घटना की सूचना पाकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी घटनास्थल पर पहुचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की, ढांढ़स बंधाया।

## राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त अपराधी बेलगाम : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने अपराधियों द्वारा रांची मेन रोड विष्णु गली में व्यवसायी पर अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े हुई गोली बारी की कड़ी निंदा की है। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी बेलगाम हैं और आम खास सभी को निशाना बना रहे। उन्होंने कहा कि दो वर्षों की कोरोना महामारी से उबरने के बाद दीपावली के बाजार में रौनक लौटी है। व्यवसायियों में उत्साह है। लोग पर्वों की खरीदारी करने में जुटे हैं। अपराधियों के द्वारा गोलीबारी की घटनाओं को बेधड़क अंजाम दे दिया जा रहा है, जिससे व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। कहा कि इससे स्पष्ट है कि प्रशासनिक व्यवस्था को त्योहार की दृष्टि से चुस्त दुरुस्त नहीं किया गया है। प्रशासन अविलंब अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाये।

### सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 25 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# इथेनॉल प्लांट लगाने पर मिलेगी सब्सिडी

- विनोबा भावे विवि के कॉलेजों में 145 पदों को स्वीकृति
- कांके में सीसीएल को अस्पताल खोलने के लिए 5.53 एकड़ जमीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में इथेनॉल प्लांट लगाने पर सरकार सब्सिडी देगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में झारखंड एथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन नीति 2022 को मंजूरी दी गयी। इसके तहत राज्य में इथेनॉल प्लांट लगाने पर हेमंत सरकार 50 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देगी। इस पॉलिसी के तहत निवेशकों को सरकार 25 प्रतिशत तक की कैपिटल सब्सिडी देगी। लघु उद्योगों कि लिए यह राशि 10 करोड़ और बड़े उद्योगों के लिए 50 करोड़ तय की गयी है। इसके अलावा विनोबा भावे विवि के अधीनस्थ कॉलेजों में पदों की स्वीकृति, धनबाद में बिजली के लिए स्मार्ट मीटर लगाने, कांके में सीसीएल को अस्पताल खोलने के लिए 5.53 एकड़ जमीन समेत 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**कांके में सीसीएल अस्पताल को जमीन मिली :** रांची जिला के कांके के कदमा मौजा में सीसीएल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने के लिए 5.53 एकड़ जमीन दी गयी। बिहार राज्य में निबंधित संस्थाओं को झारखंड में निबंधन कराने के लिए 28 फरवरी 2023 तक की समय सीमा में अवधि विस्तार दिया गया है।

**पांच डिग्री कॉलेजों के लिए पद सृजित :** विनोबा भावे विवि अंतर्गत 5 डिग्री कॉलेजों में 145 पदों को स्वीकृति दी गयी है। इनमें मांडू, बड़कागांव, सिमरिया, बगोदर और जमुआ शामिल हैं। इसमें सालाना 11 करोड़ की राशि खर्च होगी। राज्यपाल के कार्केड के लिए खरीदे गये 6 वाहनों का बीमा कराने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। झारखंड आकस्मिक निधि से 500 करोड़ की जगह अब 1200 करोड़ रुपये की निकासी करने की मंजूरी दी गयी।

**धनबाद में लगेंगे बिजली के स्मार्ट मीटर :** कैबिनेट ने बिजली के लिए धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। न्यायालय रामगढ़ के लिए 14 पद सृजित किये गये। सिमरिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए 440 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा गिरिडीह, दुमका और गुमला जिला में सड़क निर्माण के लिए राशि की मंजूरी दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- खरसावां में श्री सीमेंट को औद्योगिक कार्य के लिए जमीन सशुल्क लीज पर देने की मंजूरी।
- रिनपास के सीनियर रेजिडेंट के वेतनमान में बदलाव को स्वीकृति दी गयी
- झारखंड सहायक अध्यापक सेवाशर्त नियमावली, 2021 में आंशिक संशोधन हेतु निर्गत अधिसूचना पर घटनोत्तर स्वीकृति।
- देवघर एवं जामताड़ा जिला में भूमिगत पाइपलाइन से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 484.35 करोड़ की मंजूरी।
- साहिबगंज जिला अंतर्गत गुमानी बराज योजना के निर्माण कार्य के लिए 361.35 करोड़ रुपये की मंजूरी।

### देश के अंतिम गांव माणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हुंकार, कहा

# देश में गुलामी की मानसिकता खत्म करने की जरूरत

- विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**चमोली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमांत गांव माणा में कनेक्टिविटी परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। बदरीनाथ में उनका रात्रि प्रवास होगा। पीएम मोदी ने माणा गांव में सड़क और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने आगमन प्लाजा और झीलों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। माणा गांव में आर्मी कैंपस के पास प्रधानमंत्री की जनसभा में 1500 से 2000 लोग जुटे। मुख्य रूप से देश के अंतिम गांव माणा के भोटिया जनजाति के ग्रामीण और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### देश में गुलामी की मानसिकता खत्म करने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत जय बदरी विशाल और बाबा केदार के जयकारे के साथ की। उन्होंने नाम न लेते हुए विपक्षि पार्टियों पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि हमारे देश को गुलामी की जंजीरों ने ऐसा जकड़ रखा है कि कुछ लोगों को विकास के कार्यों पर सवाल उठाते हैं।



पहले देश में अपनी ही संस्कृति को लेकर हीन भावना थी। लेकिन अब केदारनाथ, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, काशी उज्जैन अयोध्या जैसे श्रद्धा के केंद्र अपनी भव्यता को दर्शा रहे हैं। देश में अब गुलामी की मानसिकता को खत्म करने की जरूरत है। कहा कि पहले की सरकारों ने सीमांत के लोगों के सामर्थ्य को उन्हीं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। लेकिन आज सीमांत के लोग संतोष में हैं।

### सीमा का हर गांव देश का पहला गांव

प्रधानमंत्री ने कहा कि कहा कि मेरे लिए सीमा पर बसा हर गांव देश का पहला गांव है। सीमा पर बसे लोग देश के सशक्त प्रहरी हैं। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मैं पीएम बन गया इसलिए इस गांव को याद कर रहा हूं ऐसा नहीं है। 25 साल पहले भी माणा में मैंने उत्तराखंड भाजपा की कार्य समिती की बैठक बुलायी थी। तब कुछ कार्यकर्ता मुझसे नाराज भी हुए थे कि इतनी दूर क्यों बैठक बुलाई। तब मैंने कहा था जिस दिन उत्तराखंड भाजपा के दिल में माणा गांव के लिए जगह बन जाएगी, उस दिन वहां के लोगों के दिलों में भाजपा की जगह बन जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कहा कि माणा की धरती से जनता का आभार करता हूं कि हमें सेवा का दोबारा मौका दिया। कहा कि मुझे सौभाग्य मिला कि मैं इन योजनाओं का शिलान्यास कर पाया। कहा कि हेमकुंड रोपवे बनने से तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी। यात्री अब यहां से यात्रा का सुखद अनुभव लेकर जा सकेंगे।



आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022

www.azadsipahi.com




## सुदेश महतो ने किया सिल्ली ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली के पीएचइडी परिसर में शुक्रवार को विधायक सुदेश महतो ने सिल्ली ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई इलाकों की जनता पानी के लिये तरसती रही है। इस समस्या के निदान के लिये विधानसभा क्षेत्र का सर्वे कराकर जरूरत के मुताबिक वृहद जलापूर्ति योजनाएं तैयार कर धरातल पर लाया गया। लोटा जैसे ड्राई एरिया में भी जलापूर्ति बहाल करने के प्रयास किये जा रहे है। 2024 तक इस मिशन के तहत हर घर में पानी पहुंचा दिया जायेगा। सिल्ली की जनता जितना पानी खर्च करेगी उतना ही पानी बचाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इससे पूर्व रिया पाठक ने स्वागत नृत्य किया एवं अश्विनी कुमार एवं कस्तूरबा की छात्राओ ने गीत प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता राजा पुष्पेंद्र सिंहदेव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ पावन आशीष लकडा ने किया।

### ओरमांझी के पांचा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों के बीच 5.31 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



पांचा स्कूल का निरिक्षण करते आयुक्त व अन्य।

**ओरमांझी।** प्रखंड के पांचा उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त एम मुथु कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, ओरमांझी पूर्वी जिप सदस्य सरिता देवी, रांची के डीआरडीए निदेशक रामवृक्ष महतो, उपनिदेशक कल्याण निरंजन कुमार, उपनिदेशक खाद्य आपूर्ति संध्या गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, ओरमांझी के थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के अलावा संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य व सभी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कई सवार किए और मिले जवाब से संतुष्ट हुए। उन्होंने जेएसएलपीएस, मनरेगा, अंचल, प्रधानमंत्री आवास, बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, कृषि व पशुपालन आदि विभागों का निरीक्षण किया और विभिन्न परिसंपत्तियों एवं स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इसी कड़ी में जेएसएलपीएस की दीदियों के दो ग्रुप को को 6- 6 लाख रुपये बैंक लिंकेज का लाभ दिया गया, जबकि 150 दीदियों को मुद्रा लोन के रूप में 50, लाख की परिसंपत्ति वितरित की गई। इसी तरह 78 दीदियों को केसीसी अंतर्गत 40 लाख रुपए की परिसंपत्ति वितरित की गई। साथ ही रिवाल्विंग फंड के रूप में 698 स्वयं सहायता समूह को चार करोड़ 21 लाख की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मनरेगा के तहत 78 लोगों को नया जॉब कार्ड और 28 योजनाओं की स्वीकृति दी गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत 289 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से अधिक से अधिक आवेदनों को मौके पर ही स्वीकृत करते हुए 10 बच्चियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत 21 आवेदन प्राप्त हुए नियमानुसार जांच उपरांत ऑन द स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी गई। वहीं, अंचल विभाग में कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें अग्रसर कार्रवाई की जा रही है। पशुपालन विभाग के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 15 आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कुल 45 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया, जबकि 56 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके साथ ही 62 लोगों के आंख की जांच की गई। कंबल वितरण के अंतर्गत कुल 210 लाभुकों को कंबल दिया गया जिसमें सांकेतिक रूप से 20 लाभुकों का तत्काल कंबल वितरण किया गया। साथ ही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत 600 लाभुकों को धोती-साड़ी बांटने का आवेदन प्राप्त हुआ। सांकेतिक रूप में 10 लाभुकों मौके पर ही धोती-साड़ी दिया गया। इसके अलावा आयुक्त ने पांचा मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया।

## ओरमांझी में जेएसएलपीएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए 120 प्रतिभागी

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड में 19 अक्टूबर से आयोजित जेएसएलपीएस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में टुडाहुली, जयडीहा, चुटुपालु और ईचादाग पंचायत से कुल 120 प्रतिभागी शामिल हुए। अब ये दीदी अपने पंचायतों में घूम-घूम कर बाकी लोगों को प्रशिक्षित करेंगे और समाज में फैली बुराइयों को दूर करेंगें। ग्राम संगठन के सामाजिक बदलाव, उप समिति (एसएसी) दीदीयों को जेंडर सीआरपी की ओर से आयोजित प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समाज में हो रहे लिंग भेदभाव, उत्पीड़न, अलग-अलग तरह की हिंसा के अलावा हक और आधिकार के बारे में जानकारी देना था। पांच संस्था (स्कूल, पंचायत, राशन वितरण केन्द्र, स्वास्थ उप केंद्र और आगनवाड़ी) से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। घर में आस पास में हिंसा, बेटा-बेटी में भेदभाव किया जाता है इसके लिए तरह-तरह के एक्टिविटी कर समझाने की कोशिश की गई। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में बबीता देवी, गुड़िया देवी, प्रभा देवी, संपत्ति देवी, अनीता देवी, आरती देवी, आशा देवी, रिजवान अंसारी, किशुन और प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस का महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया गया कि आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन होते रहेंगे और जिला मिशन प्रबंधन इकाई की ओर से समय-समय पर इसकी निगरानी भी की जाएगी।

## बिरसा जागृति स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। बिरसा जागृति मीडिल स्कूल बिरसानगर धमधमियां में दीपावली से पूर्व मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाई गई और मनमोहक मेहंदी की रचना की गई। प्रचार्या पुष्पा विश्वकर्मा ने कहा कि स्कूल में इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में मानसिक और बौद्धिक विकास होते हैं साथ ही बच्चों के अंदर छिपी कला को निखरने का मौका मिलता है।

## टैंकर और बाइक की भिड़ंत में दो सगे भाइयों की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर सायको थानांतर्गत रूदाडीह मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार टैंकर और बाइक की भिड़ंत में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। उनकी पहचान सुखदेव मुंडा (17) और वासुदेव मुंडा उर्फ जगन्नाथ मुंडा (15) के रूप में हुई है। दोनों सायको थाना क्षेत्रए के किताहातु गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार दोनों भाई बाइक से खूंटी आ रहे थे। तभी रूदाडीह मोड पर तेज रफ्तार में जा रहे एक टैंकर ने धक्का मार दिया। इस हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। वहीं, दुर्घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही शवों का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया।

### कुआं में डूबने से महिला की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। मारंगहादा थानांतर्गत जोजोहातु गोमुडीह गांव निवासी मंगरा मुंडा की पत्नी लूकी देवी (46) की शुक्रवार को अपने कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## आंदोलनकारियों की उम्मीदों पर खरा उतरे झारखंड सरकार : पुष्कर महतो



लापुंग (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला की ओर से शुक्रवार को लापुंग में बैठक हुई। जिसमें तिरूड़ीह गोलीकांड में मारे गए झारखंडी शहीदों धनंजय महतो एवं अजीत महतो को दी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में झारखंड अलग राज्य व नव निर्माण के मूल्यों की रक्षा व विस्थापन के साथ ही पलायन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया गया। वहीं 10 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान से परंपरागत तरीके से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी बिरसा मुंडा व संचालन दोनदे प्रधान ने किया। बैठक में शामिल पुष्कर महतो ने कहा कि राज्य का मुखिया झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र हेमंत सोरेन है। उनसे झारखंड आंदोलनकारियों को मान सम्मान, पेंशन, नियोजन व पहचान दिलाने को लेकर बड़ी उम्मीदें हैं। वें आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करते हुए उम्मीदों पर खरा उतरे। वहीं, केंद्रीय सचिव अमित खलखो व प्रखंड अध्यक्ष कमलेश सिंह ने भई अपने विचार रखे। इस मौके पर रघुनाथ भगत, हबिल उरांव, गुमदा भगत, मानसिंह कच्छप, शिवा मुंडा, राजकिशोर सिंह, मंगरा मुंडा, एकसा उरांव, बरघा उरांव, सोमारा उरांव और गोजो मुंडा आदि थे।

## सीआइएसएफ ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि



डकरा (आजाद सिपाही)। पुलिस संस्मरण दिवस पर शुक्रवार को सीआइएसएफ एनके पिपरवार मुख्यालय परिसर कार्यालय डकरा में कमांडेंट श्री मंगा के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा में जान गंवाने वाले सीआइएसएफ के शहीद हुए जवान को याद कर सलामी दी गई। वहीं बल सदस्यों ने देश के आंतरिक सुरक्षा पूरी निष्ठा से करने का शपथ लिया। श्री मांगा ने बताया कि आज हम ऐसे पुलिसकर्मियों को याद करते हैं जिन्होंने लाइन ऑफ ड्यूटी के समय अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 के दिन भारत और चीन की पारा मिलिट्री के बीच एक भिड़ंत हुई थी। जिसमें 10 पारा मिलिट्री के अधिकारी ने सीमा पर देश की रक्षा के लिए बलिदान देकर देश को एक बड़े खतरे से बचाया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए आज के दिन ही उन्हें नमन करते हैं।

## देश सेवा में सर्वोच्च बलिदान देनेवाले शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

खूंटी (आजाद सिपाही)। सीआरपीएफ 94 बटालियन के खूंटी कैंप मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पिछले एक वर्ष के दौरान एक सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 तक देश सेवा के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीदों के नाम व वीरगाथा पढ़कर सुनाए गए। जिसके बाद 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह व अन्य ने श्रद्धांजलि दी।

### उपलब्धि : आइएचएम ने स्थापित किया एक और कीर्तिमान

# आधे घंटे में झारखंडी मड़ुआ छिलका के 135 व्यंजन बना कर इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड में बनायी जगह

आजाद सिपाही संवाददाता







**मांडर।** राज्य पर्यटन विभाग की ओर से स्थापित एवं नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नोयडा व इग्नू, नई दिल्ली द्वारा एफिलिएटेड इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आइएचएम) रांची में शुक्रवार को संस्थान के स्थापना दिवस एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिल्लेट्स के रूप में मनाने व झारखंड के स्थानीय मिलेट मड़ुआ (झारखंड के लोगों और जनजातियों के बीच प्रसिद्ध आहार) को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए मैक्सिमम वैरायटी ऑफ झारखंडी मड़ुआ छिलका इन 30 मिनट्स विषय पर इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की 26 विशेष टीम की ओर से आधे घंटे में **मड़ुआ** से संबंधित इंडियन के 60 डिश, चाइनीज एवं कॉन्टिनेंटल के 50 डिश के साथ ही बेकरी में फल फ्लेवर चॉकलेट और झारखडं के साग के साथ मिलकर केक, छिलका रोटी, बिस्किट, कुकीज, रोल, पेस्ट्री समेत कुल 135 डिश तैयार किये गए। स्पेशल डिश के रूप में मड़ुआ के गोलगप्पे और दहीबड़ा बना कर आईएचएम रांची द्वारा कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम द्वारा बनाये गए डिश की समीक्षा कर पुष्टि भी की गई।

प्रतियोगिता का समापन समारोह संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जहां बतौर मुख्य अतिथि रांची बीएसएनएल के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद साह उपस्थित थे। रांची के आधारभूत ढांचों को सराहा और बच्चों द्वारा किए गये प्रयासों की सराहना की। वहीं, प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने बताया की मड़ुआ का छिलका बनाने का ही आईडिया उनको इसलिए आया क्यूंकि, अगले वर्ष मिल्लेट्स का अंतरराष्ट्रीया वर्ष मनाया जायेग। मड़ुआ झारखंड का एक विशेष अनाज है जो की पहले गरीबों का अनाज समझा जाता था। इस भ्रम को मिटने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया की इस अनाज में इरोम मैग्नीशियम एवं फाइबर बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जाता है जो की इसकी वशष्ट को और बढ़ता है। वहीं, प्राकृत कुमार सिंह इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स के प्रतिनिधि के रूप में अधिनिर्णायक का भूमिका निभाया।

## शिक्षा अनमोल धन है : डॉ वीरेंद्र प्रसाद





बेड़ो (आजाद सिपाही)। शिक्षा अनमोल धन है। इसके बगैर मानवमात्र का विकास असंभव है। उक्त बातें डॉ वीरेंद्र प्रसाद ने कही। वे शुक्रवार को करमचंद भगत महाविद्यालय सभागार में अपने सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को संबोधत कर रहे थे। डॉ प्रसाद 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। समारोह में एबीवीपी व अन्य विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि डॉ विरेन्द्र प्रसाद के सेवाकाल में किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शिक्षण कार्य में एक शिक्षक के रूप में अपने समर्पण व उत्सर्ग की भावना के साथ काम किया, जो हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ राजेन्द्र तिवारी, प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार, डॉ देलोमयी हांसदा, डॉ विंध्याचल राम, डॉ अरूण नाथ देवघरिया, प्रो नितेश पासवान, डॉ अल्पना मेहता आदि ने भी अपने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता डॉ देलोमयी हांसदा व संचालन शिवानी ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### धनतेरस आज, चौक-चौराहों पर बढ़ी रौनक





बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। धनतेरस व दीपावली के लिए दुकानें सजधज कर तैयार है। महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़ देवी मंडप में दुकानों के बाहर पटरी पर भी खील-खिलौने, दीये समेत विभिन्न वस्तुओं की दुकानें सजी हैं। कोरोना संकट के दो वर्ष बाद बाजार में ग्राहकों की भीड़ देख दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान दिख रही है। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने विशेष तैयारियां की हैं। शुक्रवार को बर्तन की दुकानों के साथ ही वाहनों व इलेक्ट्रानिक उत्पादों के शोरूम संचालक भी धनतेरस के इंतजाम में दिनभर व्यस्त दिखे। ग्राहकों के लिए कहीं उपहार योजना संचालित किया जा रही है तो कहीं त्योहारी छूट दी गई है। धनतेरस पर सबसे ज्यादा रौनक बर्तन की दुकानों पर होती है। ग्राहकों तक सीधी पहुंच के लिए दुकानों पर कर्मियों की संख्या को बढाया गया है। वहीं दीपावली को लेकर मूर्तियों की भी दुकानें लगाई जा रही है।

### बेड़ो में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुरतो गांव में शुक्रवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहु, बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया सुनीता सोरेन, पंसस बिगा उरांव नेल्सन कुजुर व वार्ड सदस्य उपस्थित थे। पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान तत्काल 22 लोगों को सर्वजन पेंशन की स्वीकृति दी गई। वहीं फूलो झानो के दो व सावित्रीबाई फुले योजना से सात आवेदन लिया गया।

### मूरतो मध्य विद्यालय पहुंचे बीडीओ, विद्यार्थियों से की बात




बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मुरतो गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का शुक्रवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की। उनके पठन-पाठन, दिनचर्या, खानपान ,स्वच्छता और खेलकूद आदि के संदर्भ में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने भारतीय महापुरुषों का उदाहरण देकर उन्हें प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों के साथ बैठक कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शैक्षणिक माहौल बनाने की बात कही।

### आइआइएम के निदेशक से मिलकर हटिया विस्थापित परिवार समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। हटिया विस्थापित परिवार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल नगड़ी के नया सराय मुड़मा में निर्मित आईआई एम के निदेशक से मुलाकात कर अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि विस्थापितों की जमीन पर बनने वाली सभी सरकारी संस्थानों में 75 फीसदी तृतीय वर्ग के पदों में विस्थापित बेरोजगारों को नियोजन दिया जाए। आईआईएम जिस मौजा की भूमि पर बन रहा है उक्त मौजा में संस्थान द्वारा सीएसआर योजना के तहत बुनियादी विकास योजनाओं पर कार्य किया जाए। संस्थान में दाखिला लेने वाले विस्थापित परिवार के छात्र-छात्राओं को शुल्क रहित शिक्षा प्रदान की जाए। विस्थापितों की जोइनिंग बॉडी में कम से कम दो विस्थापित प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। ज्ञापन में 2 नवंबर तक का समय दिया है। उस समय में मांगों पर अमल नहीं किया गया तो विस्थापित परिवार समिति रैयतों के साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना परवीन, लक्ष्मी मिर्धा, सुषमा कुमारी, लक्ष्मी बैठा आदि उपस्थित थे।

### आइआरबी-3 के पिपरवार कैंप में मनाया गया पुलिस संस्मरण दिवस, शदीहों को दी श्रद्धांजलि



पिपरवार (आजाद सिपाही)। इंडियन रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में शुक्रवार को पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर कैम्प परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर में शहीद हुए पुलिस कर्मियो और शहीद जवानो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने पुलिस संस्मरण दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की रक्षा करते हुए कई पुलिसकर्मियों और जवानों ने अपनी शहादत दी है उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में सभी पुलिस पदाधिकारी और जवानों से समर्पित भाव से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए काम करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर डीएसपी जितेन्द्र कुमार, एमएस किंडो,अरूण तिर्की, रेजिनियश किंडो,एसआई सत्येन्द्र मिश्रा, मनीमोहन प्रसाद,रंजीत कुमार,मन्टु कुमार, आरजे वर्मा,शमशेर खान आदि मौजूद थे।

### लेबलिंग मजदूरों को सात हजार वेतन देने पर बनी सहमति

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम सीबी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें में सीसीएल अधिकारी, खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा के साथ आउटसोर्सिंग ठिकेदार देव ट्रेडर्स के संचालक चंद्रदीप साहु एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। काफी चर्चा के बाद मजदूरों को लेबलिंग कार्य के बदले सात हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने पर सहमति बनी।

## गांव का डोर टू डोर भ्रमण कर जायजा लिया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सत्यम कुमार ने अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ गुरुवार को प्रखंड के पंचायत अंतर्गत सगमा गांव के विभिन्न टोले का डोर टू डोर भ्रमण कर ग्रामीणों से बातचीत कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों का विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों को समस्याओं का निदान करने की आश्वासन भी दिया। जानकारी के मुताबिक बीडीओ ने सगमा गांव के मुसहर टोला, भुइया टोला, तुरिया टोला सहित कई टोले का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों का राशन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना सहित कई योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों से पूछताछ की। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सत्यम कुमार ने बताया कि आज सगमा पंचायत के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा निदान करने का आश्वासन दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के मनरेगा मद की राशि में कुछ-कुछ लाभुकों का मनरेगा की राशि भुगतान नहीं हुई है, आखिर किस कारण से भुगतान नहीं हुई है। जांच के दौरान लाभुकों के द्वारा बताया गया कि मनरेगा मजदूर का राशि हम लोगों को भुगतान नहीं हुआ है। कई लोगों ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है लेकिन मेरा आवास का मनरेगा का राशि निकल गया है। लाभुकों के द्वारा जो भी मामला भ्रमण के दौरान मिला है इसका जांच पड़ताल की जाएगी तथा दोषी जांच पड़ताल की जायेगा। जांच के दौरान ग्रामीणों के द्वारा कई राशन डीलरों के द्वारा राशन वितरण करने में अनियमितता बरतने की शिकायत मिली है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार कम राशन देकर पूरा पैसा ले रहे हैं इसकी शिकायत मिली है। संबंधित डीलर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जबकि बीडीओ ने बताया कि डोर टू डोर भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मूलभूत समस्याओं को भी अवगत कराया गया है। निदान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति राशन पेंशन आदि समस्याओं से वंचित नहीं रहेगा। लाभुक का जैसे ही उम्र पूरा होगा उनका हर हालत में पेंशन स्वीकृत कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा चल रहे विभिन्न महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना ई श्रम कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों के बीच बताया गया तथा इसके लाभ लेने की अपील की है। भ्रमण के दौरान दर्जनों बुजूर्गों के बीच मच्छरदानी का भी वितरण किया गया। भ्रमण के दौरान उप प्रमुख अर्जुन पासवान, मुखिया तेज लाल भुइया, प्रखंड सहायक रवि रंजन कुमार, अजीत कुमार, प्रभारी बीपीओ प्रभास कुमार पांडे, मनरेगा सहायक आदित्य कुमार कनीय अभियंता उपेंद्र कुमार, रोजगार सेवक शशिकांत सिंह सहित कई लोग मौजूद।

## स्कूल में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, बच्चों के दिखा उत्साह



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसडी मेमोरियल एकेडमी में दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग किया। विद्यार्थियों द्वारा तरह तरह के आकर्षक रंगोली बनाई गई। रंगोली बनाने को लेकर बच्चों में काफी उत्साह उत्साह देखा गया। एक दूसरे से बेहतर रंगोली बनाने की प्रतिस्पर्धा साफ देखी गई। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि आने वाले त्योहारों के मद्देनजर तथा बच्चों में सभी प्रकार की कलाओं का विकास हो इसके लिए विद्यालय में समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विद्यार्थियों द्वारा कुल 12 ग्रुप में रंगोली बनाई गई। शिक्षकों द्वारा बनाए गए रंगोली का आकलन कर ग्रेडिंग किया गया जिसमें चंदा, रानी, सनाया तथा बंदना कुमारी के ग्रुप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जबकि समरीना, जैस्मीन, खुशी तथा सपना के ग्रुप को द्वितीय एवं रिजीबी, रानी, रिया तथा अनुराधा कुमारी के ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त गार्गी, तनु प्रिया, चुनमुन, रेनू, महिमा, सानू, अमन कुमार, निशा कुमारी, अनुष्का, नजरीना, अंजलि, विशाल, अरशद, सनी, शिवम, सत्यम, सुजीत, सुहाना, आरसी, अलीजा, पीहू, साहिल, पीयूष, राज प्रिया, रागिनी, सना, शबनम, फैजाना नाज, शशि शेखर इत्यादि विद्यार्थियों ने भी कई आकर्षक रंगोली बनाई। प्रतियोगिता के संपन्न कराने में शिक्षक श्याम देव पांडे, अरुण कुमार, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, मृत्युंजय पांडे, जे पी पांडे, गौतम कुमार, इरशाद अंसारी, रंजीत कुमार, देव कीर्ति टोप्पो, तृप्ति टोप्पो, अनीमा कुजूर, नासरीन, आदि ने सहयोग किया।

## पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया



**बंशीधर नगर।** नपं क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में 27 लाख की लागत से प्रस्तावित दो योजनाओं आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक पीसीसी नाली एवं पटिया एवं इंद्रदेव राम के घर से चीतावन पोखरा तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास शुक्रवार को किया गया। पथ का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी एवं उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। उस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र का विकास मुख्य लक्ष्य है। वार्ड 12 में नाली की समस्या हमेशा लोगों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ था। अब वार्ड में आरसीसी नाली बन जाने से वार्ड वासियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग वॉक पर आने जाने वाले लोगों के लिये चीतावन पोखरा उपयुक्त जगह है। पीसीसी पथ का निर्माण होने से क्षेत्र में विकास की झलक दिखने लगी है। उस मौके पर आशीष कुमार चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद संध्या देवी, इंद्रदेव राम, दिलु महतो, विजय जायसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिविर का उद्घाटन किया

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के गनियारी काला पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन परिसर मे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे शिविर का उद्घाटन प्रमुख शांति देवी जिप सदस्य सुनीता कुमारी, मुखिया शम्भु गुप्ता वीडिओ अरुण कुमार सिंह ने सामुहिक रूप से फिता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने गनियारी कला पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र भी बारी-बारी से दिया गया, बीडीओ ने कहा की राज्य के सीएम के निर्देश पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सभी प्रारूप और सरकारी योजनाओ की संपूर्ण रूप से इस निमंत्रण पत्र मे जानकारी लिखी गई है और निमंत्रण पत्र को पढ़ने के लिए सभी वार्ड सदस्यो से बीडीओ ने अपील भी की है। वहीं बीडीओ ने शिविर मे आए ग्रामीणों से कहा है की राज्य सरकार की मंशा है की सभी अधिकारी अपने दफ्तर मे ना बैठकर सीधे गांव और पंचायत मे रूख करें और सरकार की जितनी भी गरीब जरूरतमंद योग्य लोगो के लिए योजनाएं चल रही है। इसका सीधा लाभ उन्हे गांव मे पहुंचकर दिया जाये। वहीं इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणो से कहा की आपकी जो समस्या है तथा जो भी जरूरत है वह सीधा शिविर में आयें और जिस विभाग से उन्हें काम है। उस विभाग के स्टॉल पर अपना आवेदन दे सकते हैं। बीडीओ ने कहा की उनका प्रयास है की ज्यादा से ज्यादा आवेदन पर कार्रवाई त्वरित रूप से शिविर में ही हो, वहीं शिविर में नहीं होने पर ग्रामीण को आवेदन प्राप्ति की रसीद दी जायेगी और तीस दिन के अंदर हर हाल मे ग्रामीण के आवेदन पर कायार्वाई निश्चित रूप से किया जायेगा। इस दौरान बीएओ अंबुज कुमार, बीपीआरओ चंद्रकिशोर, अनिरुद्ध गुप्ता, पंचायती राज कोडिनेटर जीतेंद्र कुमार, आवास कोडीनेटर मनीष कुमार, सहायक ताहिर हुसैन सहित सभी विभाग के कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

# अयूब हत्याकांड में सीएम ने डीजीपी को दिया अपराधियों पर कार्रवाई का निर्देश: मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य अयूब अंसारी की जिले के चिनिया थाना छेत्र में गुरुवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। झामुमो नेता की हत्या की सूचना पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शुक्रवार को मृतक के घर पहुंच परिजनों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना सीएम हेमंत सोरेन को दी गई। उन्होंने तत्काल डीजीपी को घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। मंत्री झामुमो नेता की अंत्येष्टी में भी शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि अयूब लंबे समय से राजनीतिक जीवन में सक्रिय थे। वह राजनीतिज्ञ से अधिक समाजसेवी थे। उनकी हत्या से पूरा जिला मर्माहत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने डीजीपी को फोन कर जल्द से जल्द घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों व हत्या की साजिश में जो शामिल हैं उन्हें गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का निर्देश दिया है। मौके पर उन्होंने अपने वेतनमद से दो लाख रुपये का चेक परिजनों को सौंपा। बताते चलें कि बीते गुरुवार को देर शाम गांव भ्रमण के दौरान अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ गोली मारने के बाद गंभीर रूप से घायल अयूब को सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद शव के पोस्टमार्टम के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर रात 12 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। उससे पहले आक्रोशित परिजनों ने अपराधियों की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को ले शव का पोस्टमार्टम कराने से पुलिस को रोक दिया था। उस दौरान एसपी अंजनी कुमार झा और एसडीपीओ अवधेश कुमार यादव भी मौके पर पहुंच आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। उसके बाद भी आक्रोशित परिजन और ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में मंत्री ने दूरभाष पर लोगों को अपराधियों पर कार्रवाई और सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा का आश्वासन दिया। उसके बाद लोग शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। शुक्रवार को पैतृक गांव चिनिया में शव की अंत्येष्टी की गई। अंत्येष्टी में भारी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए।

### हत्या के विरोध में चिनियां की सभी दुकानें रहीं बंद

**गढ़वा।** चिनियां निवासी अयूब अंसारी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हत्या के विरोध में प्रखंड मुख्यालय की सभी दुकानें बंद रही। वहीं प्रखंड मुख्यालय से अन्य जगहों के लिए जाने वाले छोटी सवारी वाहनों का भी परिचालन बंद रहा। उनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मृतक की आत्मा की शांति और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। अयूब समाजसेवा में सक्रिया रहने के साथ-साथ राजनीतिक दलों में भी सक्रिय रहते थे। वह वर्ष 1993 में राजद से जुड़े थे। जिसमें वह प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि और राजद जिला कार्यकारिणी में भी बतौर पदाधिकारी रहे थे। वर्ष 2021 में वह गढ़व में आयोजित झामुमो का मिलन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्हें केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया था।

### गरीबी से उठकर समाज में बनायी थी जगह

**गढ़वा।** अयूब के परिजनों ने रोते हुए बताया कि गरीबी से उठकर वह समाज में अपनी जगह बनाई थी। शुरूआत के दिनों में वह लकड़ी बेचकर मेहनत कर रहे थे। वर्तमान में वह पैक्स के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा इंडेन गैस का डिलरशीप था। उसके बाद वह समाज में लोकप्रिय हो गए। हाल के दिनों में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में उनकी जहेरा बीबी मुखिया पद पर जीत दर्ज की थी। अंतिम संस्कार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अलावा पूर्व सांसद घुरन राम, केन्द्रीय सदस्य परेश तिवारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, गढ़व रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सिराज अहमद अंसारी, ताहिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, मासूम खान, प्रवक्ता धीरज दुबे, मुखिया बीबी अशोक चंद्रवंशी, बंसत चौबे, शरीफ अंसारी, भुट्टो अंसारी, उमेश सिंह, विनोद चंद्रवंशी,, सन्नी चंद्रवंशी,अहमद अली अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अनुमंडल स्तरीय कैंप का आयोजन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपयुक्त रमेश घोलप के निर्देश के आलोक में दिनांक 22 अक्टूबर 2022 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये अनुमंडल स्तरीय कैंप का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में किया जायेगा, जिसमें थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, हिमोफीलिया से संबंधित ब्लड डिसऑर्डर आदि बीमारियों से ग्रसित मरीजों की जांच करके दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआइडी कार्ड निर्गत किया जायेगा। साथ ही 40% से ऊपर के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता पेंशन की स्वीकृति दी जायेगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंका को निदेशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ सभी प्रखंडों से बीडीओ एवं अनुमंडल पदाधिकारी से समंवय स्थापित करते हुए अपने क्षेत्राधीन दिव्यांगों की जांच एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिये दिव्यांगो को चिन्हित कर ससमय दिव्यांग कैंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में भेजेंगे। इस कार्य हेतु चिकित्सा पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है, जिसमें डॉ अवधेश सिंह (ऑर्थो )डॉ आशीष कुमार (मेंटल) डॉ विजय प्रसाद (आई) डॉ जियाउल हक (ईएनटी) एवं डॉ राजेश कुमार सिंह (एमडी, फिजीशियन) हैं। डॉ संतोष मिश्रा, दिव्यांग नोडल पदाधिकारी, गढ़वा को निदेशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने से संबंधित सभी कर्मियों को अपने स्तर से उक्त तिथि एवं स्थल पर ससमय समुचित व्यवस्था के साथ कैंप का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित कराएंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका को कैंप में आए हुए सभी दिव्यांग जनों के जांच के उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड उसी दिन निर्गत करने के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही अपने अधीनस्थ सभी सहियाओं की सूची बनाते हुए दिनांक 22 अक्टूबर 2022 को सभी दिव्यांगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका लाने की व्यवस्था ममता वाहन के माध्यम से करने एवं कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के लिये निर्देशित किया गया है।

## सूखी लकड़ी की व्यवस्था की जायेगी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाहीह)।** लोकआस्था का महापर्व को लेकर व्यवसायी संघ भवनाथपुर आम की सूखी लकड़ी की व्यवस्था करायी जायेगी। उक्त बातों की जानकारी देते हुए संघ अध्यक्ष नीतीश गुप्ता सचिव नवल किशोर गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य ने बताया कि संघ की ओर से भवनाथपुर के निबंधित व्यवसायियों के लिए आम का लकड़ी सेवा भाव से उपलब्ध करायेगी। जिन व्यवसाई को छठ व्रत के लिये आम के लकड़ी आवश्यकता है,वे संघ सचिव नवल किशोर से संपर्क कर 25 अक्टूबर तक अपना नाम दर्ज करा लें। संघ ने अपील किया है कि जो व्यव्सायी सदस्यता ग्रहण नहीं किये है वे अविलंब सदस्यता ग्रहण कर ले। संघ ने आमजनों से अपील किया है कि भारतीय उत्पाद लोकल दुकान से ही लें ताकि लोकल व्यपारियो को भी चूल्हा ठीक से जले। इस मौके पर जाकिर हुसैन, शमशेर अली, गणेश ऊरावं, सत्येंद्र सेठ, अजय साह, विष्णु सोनी, नंदू विश्वकर्मा सहित अन्य व्यव्सायी उपस्थित थे।

## लक्ष्मी मां के आगमन का सूचक है रंगोली: एमपी केसरी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेन्ट (10+2) स्कूल में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता और कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं प्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मलित रूप से द्वीप प्रज्वलित कर दिया गया। अपने संबोधन में निदेशक महोदय ने कहा कि रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा लोककला है। अलग-अलग प्रदेशों में रंगोली के नाम और उसकी शैली में भिन्नता हो सकती है लेकिन इसके पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसकी यहीं विशेषता इसे विविधता देती है और इसके विभिन्न आयामों को भी प्रदर्शित करती हैं। इस चित्रकला के तीन प्रमुख रूप से मिलते है- भूमि रेखांकन भित्ति चित्र और कागज तथा वस्त्रों पर चित्रांकन। इसमें सबसे अधिक लोकप्रिय भूमि रेखांकन हैं, जिन्हें अल्पना या रंगोली के रूप में जाना जाता है । इतिहासिक नजरिये से देखें तो ऐसा माना जाता है कि भारत में रंगोली का आगमन मोहन जोदड़ो और हड़प्पा सभ्यता से जुड़ा है । हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रंगोली महज एक कलात्मक या फिर सजाने वाली वस्तु नहीं है , बल्कि रंगोली की आकृतियां घर से बुरी आत्माओं एवं सुंदर रंग घर में खुशहाली एवं सुख - समृद्धि का दयोतक है । भारत के कई क्षेत्रों में रंगोली बनाते समय कन्याओं द्वारा लोक - गीत भी गाए जाते है । रंगोली अपने भव्य रंगों से घर में सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करती है और उसे बाहर नहीं निकलने देती । गौरतलब है कि बदलते वक्त के साथ - साथ रंगोली बनाने की इस लोककला में भी काफी बदलाव आये हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि जमाना चाहे कितना भी बदल जाये, पर आज भी सभी धार्मिक अवसरो पर रंगोली बनाई जाती है जो लोगो की खुशियों में चार चांद लगा देती है।

### विभिन्न समूहों से चयनित छात्र-छात्राओं की सूची

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दूबे, उदय प्रकाश, नरेंद्र सिंहा, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, मुकेश भारती, राज चौधरी, रिजवाना शाहिन, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद, सुषमा तिवारी की भूमिका सरहानीय रही।

## जांचोपरांत चश्मा का वितरण किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी ने गढ़वा अंचल अंतर्गत क्लब अध्यक्ष राजमणि प्रसाद के चैयरमैनशिप में ग्राम- कल्याणपुर में वैसे जरूरतमंद असहाय 30 व्यक्तियों का आंखों का चश्मा जांचोपरांत वितरित किया । ज्ञात हो कि इन व्यक्तियों का आंख की जांच साइट डे पर किया जा चुका था। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार एवं वर्तमान सचिव राम नारायण प्रसाद ने अपना श्रमदान देकर विशेष भूमिका निभाया। इस पुनीत कार्य के लिये अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने सत्र 2022-23 के अपने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि वर्तमान समय में खान पान की गड़बड़ी तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र हो जाने पर मोतियाबिंद व अन्धता जैसे बीमारी होने की पूरी संभावना बनी रहती है। अतः लोगों को चाहिए कि वे अपने आंखों की जांच आंखों के कुशल चिकित्सक से जरूर करावें। इस अवसर पर ग्रमीणों के अतिरिक्त लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के सदस्य विजय कुमार, राम नारायण प्रसाद एवं अन्य उपस्थित थे।

## पवन शर्मा को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंधा गांव निवासी दशरथ शर्मा का पुत्र पवन शर्मा को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया। पवन पलामू जिले के पाटन थाना कांड संख्या 18/18 धारा 393/307 आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट का अभियुक्त है, जो लूट व चोरी का शातिर अपराधी है। उक्त अभियुक्त कांडी थाना क्षेत्र का अपराध का पर्याय बना हुआ था। जिसपर पलामू व गढ़वा जिले के विभिन्न थानों में कई लूट , चोरी व आर्म्स एक्ट का कई केस दर्ज है। इसके गिरोह के कई सदस्य अभी भी जेल में हैं। वारंटी अभियुक्त पवन पर गढ़वा जिले के कांडी, रमकंडा व पलामू जिले के पाटन, रेहला थाना में केस दर्ज है। कांडी थाना प्रभारी फैज रब्बानी ने जानकारी देते हुए बताया की उक्त वारंटी अभियुक्त को एसआई स्वामी रंजन ओझा के साथ अन्य पुलिस जवान के द्वारा गिरफ्तार कर उसे डालटनगंज न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

## एसपी ने शहीद पुलिसकर्मियो के परिजनों को किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में शुक्रवार की सुबह पुलिस संस्मरण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के सम्मान में सलामी एवं शोक शस्त्र तथा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। गढ़वा जिला बल के सात पुलिसकर्मियों ने नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहादत को प्राप्त किया है, जिनमें पुलिस उपाधीक्षक अमलेश कुमार, आरक्षी 129 वीरेंद्र प्रसाद, आरक्षी 386 शिव कुमार दास, आरक्षी 196 कन्हैया सिंह, चालक आरक्षी 724 सुनील कुमार मिश्रा, पुलिस अवर निरीक्षक राजबली चौधरी, आरक्षी 1204 रविंद्र कुजुर है। शहीद सभी पुलिसकर्मियों के परिजनों को इस दौरान शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जबकि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉटस्प्रिंग में चीनी सैनिकों द्वारा सीआरपीएफ के पेट्रोलिंग पार्टी पर हमला किया गया था, जिसमें 10 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। इस शहादत की याद में प्रतिवर्ष पुलिस संस्मरण दिवस का आयोजन देश के प्रत्येक पुलिस इकाई में किया जाता है। इस दौरान विगत एक वर्ष में कर्तव्य के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों को याद किया जाता है। झारखंड राज्य के भी दो पुलिसकर्मी शहीद आरक्षी- 1531 ठाकुर हेंब्रम 2. शहीद आरक्षी- 725 शंकर नायक विगत एक वर्ष में शहादत को प्राप्त हुए हैं। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, मेजर ओम प्रकाश दास, बंशीधर नगर डीएसपी प्रमोद केसरी, गढ़वा महिला थाना प्रभारी सीमा कुमारी साथ ही सभी पुलिस जवान संस्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## नदी में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के जाटा स्थित घिवहा नदी में डूबने से एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याणपुर गांव निवासी राकेश उरांव का पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है जो चौथी क्लास का छात्र था। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि नीरज के घर में कोई नहीं था। वह अपने साथियों के साथ घिवहा नदी में नहाने गया था उसी दौरान वह नदी में डूब गया। साथ में नहाने गये बच्चों ने नीरज को बचाने के लिए शोर मचाया स्थानीय लोगों की मदद से नीरज को नदी से बाहर निकाला गया और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। इधर मुखिया अशोक चंद्रवंशी ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलवाने के लिए वरीय पदाधिकारियों से गुहार लगायी है।

## टेंपो और मोटरसाइकिल के आमने सामने हुई भिड़ंत में दो घायल

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर घाटी के समीप टेंपो और मोटरसाइकिल के आमने सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक व्यक्ति बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में घायल डंडई थाना क्षेत्र के लवाही गांव निवासी लव कुश ठाकुर 36 वर्षीय पत्नी सिंधु देवी 12 वर्षीय पुत्र दीप प्रकाश कुमार एवं दमाद पंकज कुमार ठाकुर का नाम शामिल है। घटना होने के बाद सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने सभी घायलों को आनन-फानन में बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने सभी घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार होकर भवनाथपुर के सिंघीताली गांव से अपने घर लवाही जा रहे थे। इसी बीच तुलसीदामर घाटी के पास बंशीधर नगर की ओर से तेज गति में आ रही टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। घटना के बाद टेंपो चालक फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना के पुलिस जितेंद्र भगत ने अपने दल बल के साथ ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल और टेंपो को जप्त कर थाना ले गया। वही टेंपो विशुनपुर गांव निवासी लड्डू खान का बताया जा रहा है।

## आतंक को ढाल न दें

पाकिस्तानी जमीन से आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे आतंकवादियों को अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई से बचाने की अपनी नीति जारी रखते हुए चीन ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को वीटो कर दिया। इस बार उसने लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद के बेटे हाफिज तलाह सईद को काली सूची में डाले जाने से रोका है। यह चार महीने में इस तरह की पांचवीं घटना है। दो दिन पहले भी उसने लश्कर के ही एक और आतंकवादी शाहिद महमूद को ग्लोबल टेररिस्ट के रूप में चिह्नित करने का प्रस्ताव अटकाया था। इस बार तो चीन की यह हरकत ऐसे समय सामने आई है, जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव भारत में थे और वह मुंबई में 23/11 के टेररिस्ट अटैक में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दे रहे थे। इस आतंकी हमले के पीछे भी लश्कर-ए-तैयबा का ही हाथ था। इस आतंकी वारदात में भारतीय और अमेरिकी सहित 160 से ज्यादा लोग मारे गये थे। पाकिस्तान तो शुरू से सब कुछ देखते, जानते और समझते हुए भी आंखें बंद किये हुए है। इस पर उसे पूरी दुनिया की लानत-मलामत भी झेलनी पड़ रही है। लेकिन यहां सवाल चीन का है। आतंकवाद जैसे मसले पर उसका लगातार ऐसा रवैया सवाल खड़े करता है। जाहिर है, भारत इससे पीड़ित रहा है, लेकिन यह मसला केवल भारत का नहीं है। पिछले करीब चार महीनों में जिन पांच आतंकियों को चीन ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर ढाल देने का काम किया है, वे दुनिया के अलग-अलग देशों में आतंकी वारदात को अंजाम देते रहे हैं। उदाहरण के लिए, लश्कर का आतंकी साजिद मीर 2008 के मुंबई हमले की साजिश में शामिल रहा है, तो डेनमार्क के अखबार सहित कई देशों में ऐसी घटनाएं करवाने का भी वह दोषी है। यही वजह है कि अमेरिका उसके सिर पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर चुका है। पाकिस्तान की अदालत भी उसे आठ साल कैद की सजा सुना चुकी है। दिलचस्प बात यह कि जो पाकिस्तान सरकार उसे मृत घोषित कर चुकी थी, वह अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते उसे गिरफ्तार करने को मजबूर हुई। आजकल वह पाकिस्तान की जेल में सजा काट रहा है। इससे पहले चीन ने जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर के भाई अब्दुल रऊफ अजहर और लश्कर चीफ हाफिज सईद के साले अब्दुल रहमान मक्की को भी ब्लैकलिस्ट होने से बचाया है। ये सब आतंकवाद के प्रचार-प्रसार में लिप्त ऐसे नाम हैं, जिनकी कारस्तानियों के सबूत दुनिया भर में बिखरे पड़े हैं। इसके बावजूद जब चीन जैसा देश पाकिस्तान को अपनी दोस्ती का यकीन दिलाने के लिए या किसी भी अन्य वजह से इन आतंकवादियों के बचाव में खड़ा नजर आता है, तो एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उसकी साख पर सवाल उठता है और ग्लोबल लीडरशिप का उसका दावा संदिग्ध होता है।

**लश्कर का आतंकी साजिद मीर 2008 के मुंबई हमले की साजिश में शामिल रहा है, तो डेनमार्क के अखबार सहित कई देशों में ऐसी घटनाएं करवाने का भी वह दोषी है। यही वजह है कि अमेरिका उसके सिर पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर चुका है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**धनतेरस या दीपावली के दिन पूजन वाले स्थान में इनको रखते हैं तो फटिक के लक्ष्मी गणेश अद्भुत ऊर्जा से समस्त देवता प्रसन्न होकर आपके ऊपर लक्ष्मी के वारिस करते हैं। आपकी इच्छा क्या है? आप क्या चाहते हैं? जिस दिन लक्ष्मी गणेश की कृपा आप पर हुई, तो पैसा तो संभलेगा भी नहीं, आप किसी साधक वास्तु शास्त्री से श्रद्धा पूर्वक चार्ज अभिमंत्रित चैतन्य करा कर स्फटिक के लक्ष्मी गणेश को धनतेरस के दिन प्राप्त करें अपना सौभाग्य बनायें।**

# धनतेरस-दीपावली पर लक्ष्मी प्राप्ति का चमत्कारी प्रयोग



स्वामी विमलेश



हमारे धर्म में ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन यमराज के उद्देश्य से जो कोई भी दीपदान करेगा, उसकी आकस्मिक मृत्यु नहीं होगी न ही उसके घर में अकाल मृत्यु होगी। वस्तुतः यह यमराज से संबंध रखने वाला व्रत है। धनतेरस के दिन सूर्यास्त होने पर घर के बाहर मुख्य द्वार के दोनों ओर मिट्टी के दीपक में दो यमराज के निमित्त दक्षिणा भी मुख दीप जलाना चाहिए। ब्रह्मांड के सर्वश्रेष्ठ वस्तु हैं स्फटिक के लक्ष्मी गणेश, जो लोग सारे टोने-टोटके इस्तेमाल कर चुके हैं। कितने ही यज्ञ करवा चुके हों, लेकिन कोई भी फायदा ना हुआ हो, चाहे व्यक्ति कितने ही पाप क्यों न किये हो चाहे उसके जीवन में पूर्व जीवन कृत दोष, चाहे विधाता ने उसके जीवन में सौभाग्य लिखा ही नहीं है, फिर भी यदि वह मनुष्य अपने घर स्फटिक के लक्ष्मी गणेश स्थापित करता है, तो उस घर का सभी सदस्य पूर्ण सौभाग्यशाली बन जाते हैं। धनतेरस या दीपावली के दिन पूजन वाले स्थान में इनको रखते हैं, तो फटिक के लक्ष्मी गणेश अद्भुत ऊर्जा से समस्त देवता प्रसन्न होकर आपके ऊपर लक्ष्मी के वारिस करते हैं। आपकी इच्छा क्या है? आप क्या चाहते हैं? जिस दिन लक्ष्मी गणेश की कृपा आप पर हुई, पैसा तो संभलेगा भी नहीं। आप किसी साधक वास्तु शास्त्री से श्रद्धा पूर्वक चार्ज अभिमंत्रित चैतन्य करा कर स्फटिक के लक्ष्मी गणेश को धनतेरस के दिन प्राप्त करें अपना सौभाग्य बनायें।

**अगर दीपावली धनतेरस के दिन चार्ज अभिमंत्रित किया हुआ जिन भगवानों को हत्था जोड़ी और सियार सिंगी प्राप्त हो जाये, तो परम सौभाग्यशाली ही होंगे।**

कर्ज से मुक्ति डूबा हुआ पैसा वापस आने के लिए स्फटिक पर बना नंदी की कृपा से गरीबी को मिटा कर सौभाग्य से जीवन को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने में मददगार होता है, जिनको आर्थिक प्रगति में बाधा हो रही हो, व्यवसाय एकदम सा रुक गया हो या व्यवसाय कभी ठीक चल रहा हो कभी एकदम सा रुक जा रहा है, तो इस स्फटिक पर बने आप नंदी अपने व्यवसाय स्थल पर स्थापित करें। घर के पूजा के स्थान में रखने से पूरे परिवार में आपसी रिलेशन प्यार मजबूत होता है। घर में शांति समृद्धि उनकी ऊर्जा से बनी रहती है।

दीपावली के लिए कुबेर भंडारी का पोटली अवश्य तैयार करें। इससे जन्मों की दरिद्रता दूर होती है। घर में अपार धन ऐश्वर्य संपदा भवन आभूषण रत्न वाहन भूखंड व प्रतिष्ठा की प्राप्ति निश्चित होती है। जैसा नाम वैसा काम, जब लक्ष्मी की सारी साधनाएं विफल हो जायें, तब कुबेर पोटली की साधना मनुष्य को अपार धन दौलत प्रदान करती हैं। जहां पर इस पोटली मे चैतन्य कुबेर यंत्र के साथ दक्षिणावर्ती व्यापम भर्ती संख के साथ स्थापित होगा, उस स्थान पर कुबेर का खजाना स्वयं चल कर आ जाता है।

**सामग्री:** लाल या ऑरेंज रंग की पोटली में एक अष्ट धातु का कुबेर यंत्र, अष्टधातु का श्री यंत्र, लघु नारियल, दुर्लभ एकाक्षी नारियल, 11 धनदायक चितिकोड़ी 11 चमत्कारी अभिमंत्रित गोमती चक्र शंख में हल्दी से रंगा अरवा चावल भरदे सभी सामग्री को अभिमंत्रित चार्ज उर्जित करा कर ही प्राप्त करें। तत्पश्चात दीपावली रात्रि में पूजन कर दूसरे दिन धूप अगरबत्ती दिखाकर शास्त्रों के अनुसार धन रखने के स्थान पर व्यवसाय स्थान पर रखें। सालों भर मां लक्ष्मी और कुबेर का कृपा बनी रहेगी। हत्था जोड़ी और सियार सिंगी में मां चामुंडे का वास होता है। अभिमंत्रित होने के बाद इसकी शक्ति असीम हो जाती है। यदि धनतेरस और दीपावली किस दिन आप हत्था जोड़ी और सियार सिंगी प्राप्त हो जाये, तो यह आपका सौभाग्य ही होगा। अन्यथा आप इन्हें कभी भी किसी भी दिन इसे प्राप्त कर सकते हैं। अगर दीपावली धनतेरस के दिन चार्ज अभिमंत्रित किया हुआ जिन भगवानों को हत्था जोड़ी और सियार सिंगी प्राप्त हो जाये, तो परम सौभाग्यशाली ही होंगे।

**काली बिल्ली की जेर :** अभिमंत्रित काली बिल्ली का जेर सिंदुर के साथ रखने से आपके पास धन की कमी कभी नहीं रहती। इसे अभूतपूर्व धन का भंडार माना जाता है। यानी कि कभी भी न खत्म होने वाली धन संपत्ति कहते हैं, जिस घर में काली बिल्ली की जेर होती है, उस घर के कोई न कोई व्यक्ति हाई-प्रोफेशन के सिस्टम में जाता है। जैसे राजनीति, आइपीएस फिल्मी लाइन या प्रोफेशनल बिजनेसमैन बनता है। काली बिल्ली का जेर हत्था जोड़ी सियार सिंग ही इन तीनों का एक साथ रखना अद्भुत शक्तियां आश्चर्यजनक ऊर्जा प्रदान करती हैं, जो पूरे परिवार के लिए अत्यंत लाभदायक साबित होता है।

**कलयुग में कामधेनु और कल्पवृक्ष के समान है श्री संपूर्ण वास्तु यंत्र :** श्री संपूर्ण वास्तु यंत्र 24 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग में बने होते हैं। शास्त्रों के विचार श्री संपूर्ण वास्तु यंत्र सैकड़ों शक्तियों का निवास होता है। श्री संपूर्ण यंत्र सभी यंत्रों में सर्वश्रेष्ठ हैं, प्रधान है, शिरोमणि हैं और भौतिक उन्नति में अद्भुत आधार हैं। इस यंत्र को त्रिलोक के मोहन आधार तीनों लोगों को मोहने वाला कहा गया है। इस यंत्र में वशीकरण की शक्ति निहित है। इस यंत्र के नित्य दर्शन करने वाला व्यक्ति लक्ष्मी को पा लेता है। साथ ही अपने संपर्क में आने वालों को वशीभूत कर लेता है। यह सर्व रक्षा कारक सर्व व्याधि निवारक, सर्व कष्ट निवारक होने के कारण बहुत ही शक्तिशाली माना जाता है। इन्हें घर के पूजा स्थान में मुख्य दरवाजे के अंदर पिया व्यवसाय अस्थान उद्योग में स्थापित करने से समस्त वास्तु दोष का नाश होता है। वैभव प्रतिष्ठा समृद्धि में वृद्धि होती है। यदि आप वर्ष भर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद चाहते हैं, तो दीपावली की रात्रि में ठीक 12:00 बजे 111 घी के दीपक जला कर अपने निवास के मध्य भाग में आकर रंगोली से एक चक्र बना कर उसके मध्य रोली से श्री लिखें औप्र 108 बार श्रीं का मानसिक रूप से उच्चारण मां लक्ष्मी से अपने घर में वर्ष भर वास करने का निवेदन करें। एक दीप चक्र के बीच में और 10 दिप गोलाकार में रखें। यदि आप दिवाली पर दीप घर में अथवा बाहर जलायें, तो शास्त्रों के अनुसार आपके दीपक कालो उत्तर अथवा पूर्व में होना चाहिए। यदि घर में दीपक का लॉक पूर्व दिशा की ओर जलती है, तो धन की वृद्धि होती है। यदि दीपक का लव पश्चिम की ओर है, तो दुख का वृद्धि होती है। यदि दीपक का लव उत्तर की ओर हो तो स्वास्थ्य और प्रशंसा की वृद्धि होती है। यदि आपके दीपक का लव दक्षिण दिशा की ओर हो, तो आपको हानि और कष्ट की सूचक है। दीपावली के दिन एक झाड़ू खरीद लायें। पूजा से पहले उससे थोड़ी सी सफाई करें। फिर उसे एक तरफ रख दें। अगले दिन उसे उसका प्रयोग करें। दरिद्रता भागेगी और लक्ष्मी का आगमन होगा। यदि आपके जीवन में कोई आर्थिक संकट की स्थिति चल रही है, तो दीपावली के दिन एक मिट्टी के बर्तन में शहद भर लें तथा उसे ढंक कर किसी सुनसान स्थान में गाड़ कर आ जायें, उसका संकट टल जायेगा।

दीपावली के दिन अशोक के वृक्ष की जड़ का पूजन करने से धन-संपत्ति में वृद्धि होती है। आंवले में गोबर में संख में कमल में और सफेद वस्त्रों में कमल गट्टे में, स्फटिक में, पारद में अष्ट धातु में लक्ष्मी का वास रहता है, इनका प्रयोग करें। आंवला सदा घर में या गमले में रखें।

**(लेखक : एस्ट्रो वास्तु एक्सपर्ट, कार पार्किंग की बायीं ओर सैनिक बाजार मेन रोड, रांची हैं।)**

**दीपावली पूजन का मुहूर्त 24 अक्टूबर 2022**
**व्यवसायिक स्थल में पूजन का समय कुंभ लग्न। 15:45 से 17: 18 मिनट तक**
**घर में पूजन का समय वृषभ लग्न 20:28 से 22:26 तक**
**साधना व सिद्धि समय सिंह लग्न में 3:00 एम से 5:12 एम तक**
**प्रातः काल में पूजन का समय वृश्चिक लग्न में 9:38 से 11:54 तक**

## जमशेदपुर की खबरें

# सोनारी एयरपोर्ट के आसपास की सभी इमारतों पर लगेगी हाई बीम लालबत्ती

### एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियमों का पालन जरूरी



आजाद सिपाही संवाददाता


**जमशेदपुर।** सोनारी एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। उसमें एयरपोर्ट के आसपास रहने वाले सोनारी और कदमा के सोसायटी के लोगों के अलावा एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी, टाटा स्टील एवं अक्षेस के अभियंता शामिल हुए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि एयरपोर्ट के आसपास सोनारी और कदमा में जी-प्लस टू से ज्यादा ऊंची जितनी भी इमारते हैं, उनके ऊपरी भाग में सुरक्षा के दृष्टिकोण से हाई बीम लालबत्ती लगानी होगी। साथ ही यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वह बत्ती चौबीस घंटे काम करे। लालबत्ती लगाने के साथ उसका फोटोग्राफ अक्षेस कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शामिल एविएशन पदाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियम-शर्तों के अनुरूप विमान परिचालन हवाई क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक सीमित ऊंचाई तक भवन, टावर, मोबाइल टावर, चिमनी लगाने की अनुमति होती है। साथ ही उस पर सुरक्षा दृष्टिकोण से हाई बीम लाल बत्ती का अधिष्ठापन एवं जरूरी कार्य करना है। यह अकास्मिक समय में भी पायलट को विमान उड़ाने और उतारने में मददगार साबित होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में एविएशन पदाधिकारी के साथ टाटा स्टील और अक्षेस के अभियंता के साथ सोसायटी के लोगों ने भवन निरीक्षण भी किये।

# चाकुलिया का केंदाडांगरी काली पूजा पंडाल सज धज कर तैयार

### शनिवार को पूर्व सीएम रघुवर दास और सांसद विद्युत वरण महतो करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाकुलिया।** नेताजी यूथ स्पोर्टिंग क्लब केंदाडांगरी क्लब के तत्वावधान में भव्य काली पूजा पंडाल का शनिवार को उदघाटन पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भारती घोष, पद्मश्री यमुना टुडू, भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह एवं वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह के संयुक्त रूप से दोपहर दो बजे करेंगे। क्लब के मुख्य संयोजक सरोज महापात्रा ने बताया कि लंदन के काल्पनिक मंदिर का अनुरूप पंडाल का निर्माण हूगला पत्ता से बनाया गया है। घास से मूर्ति का निर्माण एवं विद्युत सज्जा के साथ-साथ मेला लोगों के लिए आकर्षक होगा। शनिवार को पंडाल और मेला का उद्घाटन होने के बाद काली पूजा महोत्सव आगामी 29 अक्तूबर तक चलेगा। पूजा कमेटी द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री महापात्रा ने कहा 29 अक्टूबर तक रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



# अमरप्रीत सिंह काले ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** समाजसेवी एवं राजनीतिक कार्यकर्ता भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शुक्रवार को नयी दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस भेंट में श्री काले ने महामहिम से झारखंड एवं सीमावर्ती इलाकों में राजनीतिक व सामाजिक हालत की चर्चा की और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। राष्ट्रपति ने श्री काले को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद भी दिया। काले ने कहा कि राष्ट्रपति से मिल कर सदैव एक नयी ऊर्जा प्राप्त हुई है। जब वे झारखंड राज्य की राज्यपाल थीं, तब भी और इससे पूर्व जब वो भाजपा में सक्रिय रूप से कार्य कर रही थीं, तब भी उनका कार्य करने का तरीका बेहद विनम्र एवं लोगों में अपनापन का अहसास कराने वाला रहता है। काले ने कहा कि यह गर्व की बात है कि पार्टी ने ऐसे निष्ठावान एवं एक बेहद सामान्य व विनम्र आदिवासी महिला को ऐसा सम्मान प्रदान किया, यह पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है।

## टाटा मोटर्स कंपनी के वेंडर महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज से यूनियन ने मजदूर को दिलाया बकाया वेतन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स के भेंडर महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज में कार्यरत सरजामदा निवासी मजदूर परशुराम मुंडा ने बकाया वेतन व फाइनल पेमेंट के भुगतान के यूनियन से न्याय की गुहार लगाई। आवेदन मिलते ही झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव राजेश सामन्त ने प्रबंधन से वार्ता कर मजदूर का बकाया वेतन 8277 रु का चेक दिलाया। फाइनल रुपया हिसाब करके 12 नवंबर तक करने का प्रबधन से आश्वासन मिला। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत ने बताया महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज का टाटा मोटर्स कंपनी में लगभग 70% काम चलता है। ठेका कंपनी नाम बड़े और दर्शन इनके छोटे हैं। उन्होंने कहा मजदूरों के साथ शोषण करना झारखंड मजदूर यूनियन कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा ठेका कंपनी से वार्ता कर मजदूर का बकाया वेतन का भुकतान कराया गया। आगे 12 नवंबर 2022 को फाइनल वेतन का भुगतान करने का आश्वासन मिला है। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, जिला उपाध्यक्ष अमित दास, झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार, मजदूर नेता राजेश मुंडा, मजदूर नेता कंचन पासवान,रवि बिरुआ का सहयोग रहा।

# होल्डिंग टैक्स वृद्धि पर रोक लगना सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में गुरुवार को नगर विकास के अधिकारियों की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया होल्डिंग टैक्स में हुई वृद्धि को अगले आदेश तक रोका जाय। इसको लेकर के शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता और जुगसलाई के आम नागरिकों द्वारा जुगसलाई फाटक गोल चक्कर से बाटा चौक होते हुए जुगसलाई जीटी टॉकीज के समीप तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए आभार यात्रा निकाली गई। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। यात्रा में झामुमो कार्यकताओं और जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने जगह-जगह विधायक के प्रति आभार प्रकट की। साथ ही विधायक को स्वागत किया। मौके पर राजन मिश्रा, मुकेश शर्मा, विजय महतो, रूपल सिंह, प्रफुल्ल, रंजन पांडे, सोनू सिंह, सुनील महतो, सीताराम अग्रवाल, श्यामू मलिक, मोहम्मद जमील, शमशाद शामिल रहे।

# छठ को लेकर सूर्य मंदिर कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा आगामी छठ महोत्सव एवं शनिवार को श्रीराम मंदिर परिसर में होने वाले दीपोत्सव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। संजीव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में सूर्य मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में छठ महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक संध्या एवं श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव पर चर्चा की गई। इस दौरान श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव एवं छठ महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर परिसर में शनिवार को ग्यारह हजार मिट्टी के दीये एवं आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि छठ महोत्सव को लेकर सूर्य मंदिर कमेटी व्यापक तैयारी कर रही है। महापर्व छठ के प्रथम अर्घ्य 30 अक्टूबर की संध्या को सुप्रसिद्ध लोक गायिका इंदु सोनाली के संग रांची निवासी एवं इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक, मैथिली लोकगायिका डीजी ठाकुर एवं जमशेदपुर के जुगसलाई की रहने वाले उभरती गायिका स्नेहा मिश्रा एंड टीम सिदगोड़ा के टाउन हॉल मैदान में भक्ति की धारा श्रद्धालुओं के बीच बहाएंगी। बैठक में छठ महोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिनमें सांस्कृतिक संध्या के प्रभारी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूजन सामग्री कमलेश सिंह एवं संजय सिंह, पूजन सामग्री कूपन प्रभारी गुंजन यादव एवं भाजपा सीतारामडेरा मंडल, पूजन सामग्री पैकिंग पवन अग्रवाल, श्याम भक्त मंडल एवं भाजपा गोलमुरी मंडल, प्रचार-प्रसार सामग्री प्रभारी अमरजीत सिंह राजा, छठ घाट व्यवस्था प्रभारी भाजपा बारीडीह महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा देवी, एवं भाजपा बारीडीह मंडल, यातायात प्रभारी बोलटू सरकार, भाजपा बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप व कार्यकर्तागण। बैठक में सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंदिर प्रभारी लक्ष्मीकांत सिंह, महासचिव गुंजन यादव, विनय भूषण शर्मा, शशिकांत सिंह, राजेश यादव, अखिलेश चौधरी, बिश्वजीत सरकार, मान्तु बनर्जी, संजय सिंह, रामबाबू तिवारी, कमलेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, कल्याणी शरण, रूबी झा, नीलू झा, रूपा देवी, टुनटुन सिंह, राकेश सिंह, सुशांत पांडा, खेमलाल चौधरी, बबुआ सिंह, संतोष ठाकुर, अमरजीत सिंह राजा, बोलटू सरकार, प्रेम झा, सुरेश शर्मा, बबलू गोप, ध्रुव मिश्रा, हेमंत सिंह, अजय सिंह आदि शामिल हैं।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**लातेहार।** सदर अस्पताल लातेहार के सभागार में कुष्ठ उन्मूलन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। कुष्ठ पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकमीर्यों को प्रशिक्षण स्थल पर कुष्ठ मरीजों के पहचान कैसे करना है उसकी जानकारी दी एवं अपने-अपने कार्य क्षेत्र पर बेहतर ढंग से कुष्ठरोगियों की खोज करने को कही, ताकि लातेहार जिले में पुरी तरह से कुष्ठरोग का उन्मूलन किया जा सके। दो दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है समाज में कुष्ठरोग को लेकर फैली हुई भ्रांतियों को दूर करना व समय रहते कुष्ठरोग से ग्रस्ति मरीजों का पहचान कर उचित इलाज कर विकलांग होने से बचाव करना। मौके पर जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो, प्रशिक्षक, डॉ राजेश कुमार जिला कुष्ठ सलाहकार, डॉ निलमणी, प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में डॉ राजेश कुमार झा, डॉ रूबी कुमारी, डॉ उमेश कुमार, डॉक्टर आर. बी ठाकुर, एमपीडब्लू आदर्श कुमार, रंजन उरांव, शंकर उरांव, सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## धनतेरस को लेकर सजा लोहरदगा का बर्तन बाजार, होगी धनवर्षा



**लोहरदगा।** इस बार धनतेरस से दो दिन पहले ही लोहरदगा का बर्तन बाजार सजकर तैयार हो गया है। पर्व को लेकर बाजार में चहल पहल दिखाई दे रही है। स्टील से निर्मित बर्तन समेत अन्य चीजों के कच्चे माल में तेजी होने के बाद भी व्यापारियों को धनतेरस पर लाखो करोड़ो के कारोबार की उम्मीद है। व्यापारियों की मानें, तो इस धनतेरस बाजार से करीब दो से तीन करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। धनतेरस और दीपावली पर सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों से करोड़ों का कारोबार होगा। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के अपर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, महावीर चौक, सोमार बाजार, सराफा बाजार में दुकानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं, सबसे ज्यादा धनतेरस पर बर्तन बाजार चमकने की उम्मीद है। अलग-अलग वैराइटी के बर्तन दुकानों पर सजा रखे हैं। इंडेक्शन कढ़ाही, भगौना, चायपेन, थ्री इन इन वन, कूकर सहित स्टील के नए डिजाइन के बर्तनों की खूब मांग है। ताकि ग्राहक मायूस होकर वापस न लौटे। वही धनतेरस पर शाही बर्तनों की खूब खरीदारी की जाती है। इसलिए बाजार में नये डिजाइन के बर्तन मंगाए गये है। ताकि ग्राहकों को सामान पंसद आ सकें। इस बार कोरोना की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में कारोबार होने की पूरी संभावना है।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**बरवाडीह।** विश्व हिंदू परिषद की पंचमुखी मंदिर में प्रखंड स्तरीय बैठक एवं सभी पंचायत के पालक सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक का मुख्य विषय हित चिंतक महा अभियान को गांव गांव तक कार्यकर्ता जाकर विश्व हिंदू परिषद का सदस्य बनाना अपना लक्ष्य है। जिसमें बरवाडी के पालक गौतम पांडे जी खुरा पंचायत के पालक संतोष कुमार मोरवाई पंचायत के उज्जवल छेछा पंचायत के राहुल व अतुल, मंगरा पंचायत के मणि शंकर केचक्की पंचायत के सागर वर्मा, बेतला पंचायत के राजूराम व संतोष कुमार, पोखरी पंचायत के संतोष कुमार व राजू कुमार, उकामांड पंचायत के मनी शंकर को बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया की प्रखंड समिति की आगामी बैठक सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं के एक बड़ी टोली की बैठक 5 नवंबर स्थानीय सामुदायिक भवन सुबह 11:00 बजे से होगी। जिसमें हित चिंतक अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से विभाग मंत्री कुमार गौरव, गोपाल तिवारी, मनोज प्रसाद एवं सभी गणमान्य लोग की उपस्थित हुए।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



लातेहार। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सभा सांसद दीपक प्रकाश का पलामू जाने के दौरान शुक्रवार को परिसदन भवन लातेहार में आगमन हुआ। उनके साथ प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला के प्रभारी अमित कुमार उपस्थित थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के द्वारा बारी- बारी से पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया, इस मौके पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, जिला परिषद के अध्यक्ष पूनम देवी, जिला महामंत्री पंकज सिंह, बंशी यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला मंत्री ध्रुव पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, सह प्रभारी पंकज यादव, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, सदर प्रखंड के प्रमुख परशुराम लोहरा, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज प्रसाद, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आशा देवी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, ग्रामीण मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, नागमणी समेत अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैरो में फुटबॉल फाइनल मैच का हुआ समापन



कैरो। कैरो प्रखंड में स्थानीय गोपालगंज मैदान में फाईनल मैच पंजाब रेजीमेंट बनाम नवप्रभात चालहो के बीच खेला गया। चालहो ने पंजाब रेजीमेंट को पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। विजेता टीम को नगद राशि ₹51000 एवं उपविजेता टीम को ₹31000 देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुखेर भगत ने कहा कि आज खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है खेल के खिलाड़यो को केरियर बनाने में भरपूर अवसर प्रदान करती है। गुमला जिले की बेटी अष्टम उरांव 17 वर्षीय महिला फुटबॉल का झारखंड एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रही है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें जीत और हार खेल का हिस्सा है। गांव और पंचायतों में इस तरह सफल टूर्नामेंट का आयोजन बहुत बड़ी बात है। प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर अजय नाथ शहदेव ने कहा कि खेल के माध्यम से गांव के खिलाड़ियों में छिपी हुई प्रतिभा को एक प्लेटफार्म मिलता है।

## चंदवा में रेलवे साइट पर माओवादियों की फायरिंग, तीन ठेका कर्मियों को लगी गोली

# घायल इंजीनियर की हालत गंभीर, सभी रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन में शुक्रवार दोपहर बाद माओवादियों ने रेलवे प्रोजेक्ट साइट पर जमकर गोलीबारी की। मालन केंदुआ टांड़ जगह में हुई इस गोलीबारी में रेलवे में कार्यरत 3 ठेका कर्मियों को गोली लगी है। गोली लगने से तीनों बुरी तरह घायल हो गये। बताया जा रहा है भाकपा माओवादी के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया है। **10 की संख्या में आये थे माओवादी :** नक्सलियों की ओर से की गयी फायरिंग में बिहार के औरंगाबाद के मूल निवासी शिव कुमार यादव (उम्र 23 वर्ष) के सीने में दो गोली लगी है। विशेश्वर यादव (उम्र 23 साल) के पैर में गोली लगी है। वहीं विकास यादव (उम्र 23 साल) को भी गोली लगी है। विशेश्वर यादव और विकास यादव ग्राम सिरम बालूमाथ के रहने वाले हैं। बताया गया कि 10 की संख्या में आये माओवादियों ने रेलवे साइट पर अंधाधुंध फायरिंग कर वहां दहशत फैलायी। **इंजीनियर शिवकुमार यादव के सीने में दो गोली लगी, हालत गंभीर :** घटना को लेकर मिली सूचना के अनुसार, चंदवा थाना क्षेत्र की माल्हन पंचायत स्थित केंदुआ टांड़ में बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड पर केईसी कंपनी का काम चल रहा था। कंपनी के आठ- दस लोग काम में लगे हुए थे. इसी बीच 10-11 की संख्या में हथियारबंद लोग पहुंचे और अंधाधुंध गोलियां चलाने लगे। वहां कार्यरत इंजीनियर शिवकुमार यादव के सीने में दो गोली लगी। बालूमाथ के सीरम निवासी विशेश्वर यादव व विकास यादव के पैर में गोली लगी। बताया गया है कि गोली तीनों के शरीर में अटकी हई है। शिवकुमार यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



### तीनों घायल कर्मी रिम्स भेजे गये

घायलों को आनन-फानन में कंपनी के लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉ नंद कुमार पांडेय द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### पहले भी हमला कर वाहनों को नुकसान पहुंचाया था

जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले भी उक्त कंपनी के कार्यस्थल पर उग्रवादियों ने हमला कर कंपनी के वाहनों को नुकसान पहुंचाया था। कयास लगाया जा रहा है कि उन्हीं उग्रवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है कि इस घटना में किसका हाथ है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## दीपावली आते ही बढ़ी दीपक, झाड़ू व मोरपंख की बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपक, झाड़ू और मोरपंख कहने को तो छोटे-छोटे व्यवसाय हैं, लेकिन दिवाली पर्व के आते ही इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई है। दरअसल, दीपावली पर इनकी विशेष मांग होती है और इनके बिना यह त्योहार नहीं मनाया जाता। इसलिए दीपपर्व पर इनकी डिमांड काफी बढ़ जाती है, क्योंकि इनसे ही सभी घरों में दीपावली मनती है। इन छोटे व्यवसाय करने वालों के लिए दीपावली सबसे व्यस्त व मुख्य सीजन होता है। इस दौरान ये पूरे साल के लिए एक मोटी रकम कम पाते हैं। व्यवसायियों के अनुसार दीपक, खजूर की झाड़ू व मोरपंखी का लाखों रुपए का कारोबार होता है। इसमें से केवल धनतेरस पर ही आधे से अधिक का कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। दीपावली पर पशुधन को सजाने की परंपरा है। पशुपालक दीपावली के दूसरे दिन इनका पूजन करते हैं। पशुओं को सजाने के लिए मोरपंखी का उपयोग होता है। अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समाज विशेष के लोग परंपरागत रूप से दीपावली के मद्देनजर मोरपंख बनाने में जुट जाते हैं। एक सेट की कीमत 200 रुपये से लगाकर एक हजार रुपए तक रहती है। चमकीली रद्दी पन्नी, रिबन, मोर पंख, प्लास्टिक की सुतली से गाय, बैलों के लिए मोरपंख तैयार होते हैं। समाज के लोगों के अनुसार विशेषकर दीपावली पर ही इस काम से जुड़ते हैं, शेष दिनों में नहीं। अधिकांश कुम्हार समाज के परिवार बरसों से मिट्टी के दीपक बना रहे हैं। छोटे दीपक की कीमत महज 1.50 रुपए है, अधिकतम 10 रुपए तक की वैराइटी है। फुटपाथ पर इनकी छोटी दुकानें लगती हैं। घरों में त्योहार पर दीपक लगाए जाएंगे। व्यवसाय से जुड़े सुजीत प्रजापति के मुताबिक धनतेरस के दो सप्ताह पहले से दुकानें लगाते रहे हैं। समाज का हर परिवार औसतन 250 से 300 मिटटी के दीपक रोज बाजार लेकर आता है। खजूर की झाड़ू धनतेरस की सुबह तकरीबन हर घर में खरीदी जाती है। मान्यता है इसको खरीदने से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है और वह लक्ष्मी दीपावली के पांचों दिन घर में विराजती है। धनतेरस पर शहर में झाड़ू का कारोबार लाखों में होता है। अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों परिवार खजूर व अन्य झाड़ू बनाने में जुड़े हैं।

## छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की अनुमान्यता पर करेंगे विचार: रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** छठे पुनरीक्षित वेतन में फिटमेंट कमिटी की सिफारिश को लागू करने में हुई अनियमितता को लेकर झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर वेतन निर्धारण में हुई विसंगतियों को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री को बताया कि छठे वेतन पुनरीक्षण में 01.01.2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का वेतन 16290 पर निर्धारित किया जाना चाहिए था किंतु इसमें विसंगति करते हुए 13500 पर निर्धारित कर दिया गया। वेतन निर्धारण को लेकर आपत्ति किए जाने के बाद इसमें सुधार के लिए वित्त पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सहमति थी। किंतु तत्तकालीन वित्त सचिव द्वारा आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी गयी। वहीं समान प्रकिया के तहत सचिवालय कर्मियों को इसका लाभ दे दिया गया। प्राथमिक शिक्षक इसे अपने साथ वेतन निर्धारण में भेदभाव मानते हैं और लगातार इस विसंगति को दूर करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में आज झापसा का एक शिष्टमंडल माननीय वित्त मंत्री से मिलकर छठे वेतन वेतन निर्धारण पर लगायी गयी रोक को हटाने की मांग की। मंत्री ने सकारात्मक रूख अपनाते हुए जल्द ही नियमसंगत समाधान निकालने का आश्वासन दिया। मामलों को लेकर छठ पूजा के बाद मिलकर वार्ता का भरोसा दिलाया।

## चंदवा प्रखंड के सभी नोडल पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया

**लातेहार।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निदेर्शानुसार शहरी क्षेत्रों में चुनावी भागीदारी के उदासीनता को समाप्त करने एवम जागरूक करने के लिए नोडल पदाधिकारी सह बीएलओ भाग संख्या 262 से 357 तक को दो पाली में आज प्रखंड कार्यालय चंदवा के सभागार में मास्टर ट्रेनर अतुल कुमार एवम जिला हेल्प डेस्क के रवि चौहान अरविंद रजक के द्वारा दिया गया।इस अवसर पर चंदवा प्रखंड निर्वाचन के जीपीएस एसिडोर आइंद ऑपरेटर किशन कुमार गुप्ता द्वारा चुनावी पाठशाला के गठन उसके कार्य करने की प्रक्रिया आदि का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाकर भावी मतदाता को पहचान पत्र बनाने को बोले साथ ही सभी को शहरी क्षेत्रों में मतदान का कम प्रतिशत होने पर सभी को जागरूक करने की बात कही। मास्टर ट्रेनर द्वारा भावी मतदाता यानी विद्यालय में पढ़ने वाले 14 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों का चुनावी पाठशाला के क्रियान्वयन के लिए एक कमिटी का निर्माण कर उसका मासिक बैठक करते हुए मतदान के महत्व को बताने का कार्य करे।इस कमिटी का नोडल उक्त स्कूल या बूथ के बीएलओ ही होंगे। इस कमिटी में दिव्यांग बच्चो को पहली प्राथमिकता देते हुए साथ ही बालक बालिका का भी समायोजन करते हुए कमिटी का निर्माण करने के बारे में बताया गया। कुमार राय आश्रिता मिंज फिरोज अंसारी आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ के द्वारा विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया गया।

## कोलियरी मजदूर यूनियन के बैनर तले बैठक

**मूरपा।** झारखंड कोलियरी मजदूर युनियन का बैनर तले कुंडी के काटा नंबर-6 के समीप मगध-संघमित्रा की क्षेत्रीय बैठक समिति का गठन किया गया। जिसमे प्रेक्षक के रूप मे पवन कुमार उपस्थित रहे। वही आज के अध्यक्षता कर रहे मुकेश कुमार साव एवं संचालन गुरूदयाल साव ने की। जोनल समिती के निदेर्शानुसार आज मगध परियोजना समिती का पुनर्गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पवन कुमार एवं सचिव मुकेश कुमार साव, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद साहु को बनाया गया कुल पच्चीस सदस्यीय टीम गठित की गयी। वही बताते चले कि जोनल समिति के निदेर्शानुसार दिनांक 26/10/2022 को मगध-संघमित्रा क्षेत्र मे ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। जिसमे क्षेत्रीय एवं परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।


### कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा

पत्रांक......475 ../जि0प0 दि0 19 .10 .22

**Very Very Short – Request For Proposal (RFP)**

1 विज्ञापनदाता का पदनाम – उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा
2 RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 04 – 11 –2022 अपराहन 5 बजे तक
3 RFP जमा करने का स्थान एवं समय – जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा
4 RFP खोलेने का स्थान, तिथि एवं समय – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सभागार 05-11 - 2022 at 11.00 AM

जिला परिषद कार्यालय कोडरमा के द्वारा जिला परिषद के द्वारा निर्मित पार्क के संचालन / रखरखाव हेतु निविदा की मांग की जाती है:–

| क्रम | पार्क का नाम | सुरक्षित जमा राशि (वार्षिक) |
|---|---|---|
| 1 | जिला परिषद के द्वारा कोडरमा के लख्खीबागी में बनाये गये पार्क की बन्दोबस्ती | 1,50,000 |

ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेवसाईट koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, कोडरमा

PR 280617 Rural Development(22-23).D

### राँची समाहरणालय, राँची
### (जिला भू–अर्जन शाखा)

**आदेश**

ईटकी सेनेटोरियम से मुकुन्दा–मोरो–नारी–चनगनी तक पथ (कुल लम्बाई 10 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना अन्तर्गत मौजा–ईटकी ठाकुरगांव, बोड़ेया, कुन्दी, मोरो, मुकुन्दा, मल्टी, नारी, तरगड़ी एवं टिकराटोली, अंचल–ईटकी एवं बेड़ो में दिनांक–11/11/2022 को ग्राम सभा का आयोजन निम्न तालिका अनुसार आयोजित की जाएगी।

| दिनांक | संबंधित मौजा का नाम | संबंधित अंचल का नाम | समय | स्थान जहाँ जनसुनवाई की जाएगी | ग्राम सभा/जन सुनवाई में भाग लेने वाले कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 11/11/2022 (शुक्रवार) | ईटकी ठाकुरगांव, बोड़ेया, कुन्दी, मोरो, मुकुन्दा, मल्टी, नारी, तरगड़ी एवं टिकराटोली | ईटकी एवं बेड़ो | 11.30 A.M. | अंचल कार्यालय ईटकी | श्री चमरू महली, प्रति0 कानूनगो/ श्री ओम प्रकाश गोप, दै0वे0भो0, अमीन श्री उत्तम नायक, दै0वे0भो0, अमीन |

अतः संबंधित मौजा के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को ससमय निर्धारित स्थान पर भूमि से संबंधित कागजातों के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR 280620 Land Reforms(22-23)#D

### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

राज्यादेश सं0 10 रा0 (विभाग) दिनांक 21.06.2022 के आलोक में एतद् द्वारा कोडरमा जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु अधोहस्ताक्षरी को तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजनान्तर्गत जलाशयों एवं आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कार्प (रोहु, कतला, मृगल) तथा ग्रास कार्प के औसतन तीन इंच आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण दिनांक 10.11.2022 तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

विदित हो कि मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय का सरकारी दर मो0 750/– प्रति हजार परिवहन व्यय सहित तथा ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का दर मो0 1500/– प्रति हजार परिवहन सहित की दर से निर्धारित है।

**मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्तें निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0एफ0एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएं तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण यथा खाता सं0, खेसरा सं0, जलक्षेत्र/मत्स्य बीज उपलब्धता एवं पूर्ण पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच/सत्यापन कराई जा सके, विवरण प्रस्तुत करने हेतु विहित प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादकों को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अंड बीज आपूर्ति की गई है, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के प्रस्ताव/निविदा अथवा उनके द्वारा प्रदत मत्स्य अंगुलिकाओं को रद्द अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किये जायेंगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा

PR 280678 Fish (22-23)_D


## सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस सचिव ने जोरी पंचायत में आयोजित शिविर में लोगों से की अपील

# अपना आवेदन इस कैंप में दें, सरकार आपको देगी योजना का लाभ : विप्रा भाल

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। सदर प्रखंड के जोरी पंचायत में आज आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विप्रा भाल, सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेन्स विभाग, झारखंड सरकार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महोदया, उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गयी। कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सरकार की यह अत्यंत महत्वकांक्षी कार्यक्रम है जिसमें सरकार प्रत्यक्ष रूप से लोगों से जुड़ रही है। आप सभी अपने पंचायतों में लगनेवाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और योजनाओं का लाभ उठाएं। अपना पंजीयन शिविर में लगे स्टॉल में करायें। आपके आवेदन की मॉनिरिंग सीधे राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। आपका आवेदन बिल्कुल सुरक्षित रहेगा और निष्पादित किया जायेगा। सचिव ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के स्टॉल लगे हैं। इन स्टॉलों में दिये गये आवेदन की मॉनिटरिंग आप स्वंय कर सकते हैं। सभी प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन इंट्री की जा रही है। जिन आवेदनों पर त्वरित निर्णय लिया जा सकता है।

### 20 योजनाओं का शुभारंभ

सचिव महोदया द्वारा कार्यक्रम में जोरी पंचायत में कुल 20 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सचिव महोदया एवं अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 21 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मनरेगा के 20 योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के 09 लाभुकों के बीच 10-10 हजार रुपए की राशि, 25 किसानों के बीच के 75-75 हजार रुपए का केसीसी ऋण, 12 लाभुकों के बीच हरा राशन कार्ड, 160 लाभुकों के बीच चना बीज, 30 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सचिव महोदया और उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खाद्य पदार्थों की जांच की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर बसिया एसडीओ संजय पीएम कुजूर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुमला लव कुमार के नेतृत्व में बसिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बसिया एवम विभिन्न होटलों, ठेला, छोटे बड़े दुकानों में मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के द्वारा स्थल पर ही खाद्य पदार्थों का जांच किया गया। जिसमे जांच रिपोर्ट गलत आने पर एसडीओ बसिया के द्वारा कार्रवाई किया जाएगा इसके साथ ही सभी दुकान प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिया गया कि अपने दुकानों में किसी भी प्रकार के मिलावट वाले खाद्य पदार्थ की बिक्री नही करेंगे, सफाई का विशेष ध्यान दे । निरीक्षण के क्रम में यह भी जानकारी दी गई कि बनने की तिथि एवं प्रयोग में लाने की तिथि नही लिखे पदार्थ को नही बेचेंगे साथ ही अपने बिल में ऋरअक एफ एसएसएआइ लाइसेंस नंङ्ग लिखना अनिवार्य है अन्यथा फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत करवाई की जायेगी। निरीक्षण में श्री लव कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला एवं रांची से आए सुखदेव प्रसाद, फूड एनालिस्ट, एलेक्स राहुल तिग्गा, लैब असिस्टेंट, एसडीओ कार्यालय के विकास कुमार आदि शामिल थे।

### सर्वांगीण विकास की उम्मीद जतायी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मल्लिकार्जुन खड़गे को बसिया कॉंग्रेस पार्टी के सदस्यों द्वारा बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी की सवार्गीण विकास की उम्मीद जतायी है। प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है। आम जनता महंगाई, बेरोजगारी से तंग आ चुकी है। बधाई देने वालो में प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, मुंतजीर खान, अभय चौधरी, जेडी नायक, गौरी शंकर चौधरी, केले उरांव, पीटर मिंज,सुशील कुमार होता,फेंकू राम, चैतु उरांव, तरूण गोप, प्रकाश सुरीन, जीवन मसीह बारला, मकसीमा टोप्पो, पीतांबर गोप, ओरयानी बाड़ा, तारा उरांव, ज्योति लकड़ा,सहदेव नायक, देवेंद्र साहू,रामरतन भगत,प्रेम प्रकाश उराँव, भोला बैठा,रतिया इंदवार आदि शामिल है।

### विद्युत चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा कामडार के कनीय अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में प्रखंड के कुम्हारी बांगरकेला नवाडीह ममरला पाकरटोली ओकबा में विद्युत चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे बिजली चोरी के आरोप में चार लोगो के उपर बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर 36हजार जुमार्ना लगाया गया।जिसमे ममरला पाकरटोली निवासी काजल सिंह पी 100000 ओकबा निवासी मनीष उरांव पर 10000 भरत साहू पर 10000 एवम बांगरकेला निवासी विष्णु मिंज के उपर 6 हजार का जुमार्ना लगाया गया है।मौके पर रविशंकर राम गंगाधर ओहदार एवम संबेदक कर्मी उपस्थित थे।

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने की बैठक

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर स्थित किसान भवन में बुधवार को प्रखंड कॉग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बैठक में बसिया प्रखंड के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष का सर्व सम्मति से चयन किया गया।उतरी क्षेत्र से मंडल अध्यक्ष घूरन साहू एवम दक्षिणी क्षेत्र से प्रकाश सुरीन का चयन किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी मुरली मोहन प्रसाद ने संगठन विस्तार एवम उनके दायित्व को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा की पूरे प्रखंड के 15 पंचायत को 5 सेक्टर में बांटा गया है और सभी सेक्टर में पदाधिकारी का चयन कर उनको अपने सेक्टर की जिम्मेवारी दी गई है। मौके पर कई लोगो ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमे मोनी देवी, धुरन साहू, गणेश महतो, जगदीश सिंह, सदानंद बड़ाइक, मरियम बेक, किरण सोरेंग आदि शामिल है।सभी को माला पहनाकर एवम शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर अभय चौधरी जे डी नायक, मुंतजिर खान, विकास साहू , रश्मि मिंज,आर्या मुखिया जंसिता बागे,मुमताज खान, उदित टोप्पो,रामरतन भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुखिया ने मध्याह्न भोजन पेयजल और शौचालय की स्थिति की जानकारी ली

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुडिया पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा गुरुवार को पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सराई टोली का औचक निरीक्षण कर विदयालय की स्थिति बच्चों की उपस्थिति मध्यान्ह भोजन पेयजल और शौचालय की स्थिति की जानकारी ली। और स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों संग बैठक कर स्कूल की समस्याओं से रूबरू हुई। अभिभावकों ने बतलाया स्कूल का भवन की स्थिति ठीक नही है और शौचलय भी जर्जर हो चुका है, स्कूल छोड़ कर बच्चे नदी के तरफ चले जाते हैं, जिसे जंगली भालुओं खतरा बना रहता है। बच्चों की संख्या दिनोदिन घट रहा है, क्योंकि बच्चे अपने अभिभावकों के साथ इट भट्ठा चले जाते हैं, इन सब बातों को सुनकर मुखिया द्वारा उपस्थित अभिभावकों को जागरूक करते हुए समस्याओं का समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर पूर्ब मुखिया बसन्त उराँव ने स्कूल के प्रभारी शिकन्दर बड़ाईक को स्कूल की स्थिति में सुधार लाने के लिये कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# दो बाइक को ट्रक ने रौंदा तीन की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटांबी गांव के केन टोली के समीप 12 चक्का लाइन ट्रक ने दो बाइक सवार लोगों को रौंद दिया जिसमें 3 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।युवक को सदर अस्पताल गुमला ले जाकर इलाज कराया जा रहा है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लाइन ट्रक घाघरा से गुमला की तरफ जा रही थी। वही दो मोटरसाइकिल में सवार चार लोग गुमला से घाघरा की तरफ जा रहे थे। इसी दरमियान लाइन ट्रक ने दोनों मोटरसाइकिल को अपने चपेट पर ले लिया। जिसमें घटनास्थल पर ही खरका गांव निवासी कुवर उरांव 30 वर्ष एवं 30 वर्षीय अजीत उरांव। वही घाघरा थाना स्थित चेडया गांव निवासी रमेश कुमार 25 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल था, जिसे सदर अस्पताल गुमला में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। कुंवर व अजीत खरका गांव से घाघरा जा रहे थे। वही दूसरे बाइक में सवार मृतक रमेश और उसके साथ एक और युवक गुमला से घाघरा आ रहे थे। इसी दरमियान या घटना घटी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि सभी सो के चिथड़े चिथड़े उड़ गए थे। घटनास्थल पर थाना प्रभारी ने पहुंचकर सभी शव को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल व ट्रक को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

## नेतरहाट से गुमला तक सड़क पर गिरा पड़ा है करीब आधा दर्जन पेड़



जिला प्रशासन हो या प्रखंड प्रशासन सभी बड़ी घटना होने का इंतजार करते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण ही बड़ी बड़ी घटना हो जाती है। नेतरहाट से गुमला आने के दरमियान सड़क में करीब आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पेड़ गिरा पड़ा है लेकिन उसे हटाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाता है। कुछ दिन पूर्व जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव बनारी अष्टम के घर पहुंचे थे उस दरमियान उन्होंने भी रास्ते पर गिरा हुआ पेड़ को देखा, कल इसी रास्ते से गुमला पुलिस अधीक्षक इस्तेहाम बकारीब घाघरा थाना क्षेत्र के बीमारला व नोनी पिकेट लोगों का हाल-चाल जानने के लिए पहुंचे थे। बावजूद उनके द्वारा भी इस सड़क पर पड़े पेड़ को हटाने की दिशा पर कोई प्रयास नहीं किया गया।

## सड़क पर गिरा पेड़ बना दुर्घटना का कारण

प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क में महीनों से गिरा पड़ा पेड़ को बताया जा रहा है। ट्रक जैसे ही सड़क पर गिरे पेड़ के समीप पहुंचा तो अचानक ही ड्राइवर को सड़क पर पेड़ दिखा, उसके बाद ट्रक ड्राइवर अपना ट्रक को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने के लिए दाहिना साइड में गया उसी दरमियान दोनों बाइक सवार ट्रक के चपेट में आ गए। महीनों से पड़ा सड़क में इस पेड़ को ना तो आज तक जिला प्रशासन ही हटा रही है और ना ही प्रखंड प्रशासन, जबकि इसी रास्ते से हर दिन घाघरा बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी जिला मुख्यालय आते जाते हैं। बावजूद इसके लिए पहल नहीं किया गया। जिससे यह बड़ी घटना घटी इसके पूर्व भी एक महीना पूर्व दो लोगों की मौत उसी पेड़ में टकराने से हो गई थी ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## फीफा वर्ल्ड कप भारतीय महिला टीम की कप्तान अष्टम उरांव का हुआ जबरदस्त स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुर/ घाघरा।** अंडर 17 फीफा वर्ल्ड कप भारतीय महिला टीम के कप्तान अष्टम उराव वर्ल्ड कप खेलने के बाद पहली बार गुरुवार को अपना घर बनारी गोररा टोली वापस लौटी। जहां बिशुनपुर प्रखंड वासियों के द्वारा अष्टम उरांव का गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर अष्टम उराव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम लोगों को अंडर 17 फीफा वर्ल्ड कप में भारत के लिए खेलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इससे मैं काफी खुश हूं। साथ ही हमें और हमारी टीम को इस वर्ल्ड कप से बहुत कुछ सीखने को मिला है। उससे हम लोग आगे बेहतर कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग मैच हारे हैं हौसला नहीं इसलिए हम लोग आगे और बेहतर करके भारत को विश्व कप दिलाने का काम करेंगे। अष्टम ने कहा कि हमारी पूरी टीम पूरे ईमानदारी से शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयारी हो कर पूरे मजबूती के के साथ अंडर-17 फीफा वर्ल्ड कप में अपना खेल का प्रदर्शन किया है। मैच में हार जीत लगा रहता है इससे हम लोग नहीं घबरा रहे हैं। क्योंकि शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत ज्यादा मजबूत हो चुके हैं। जिसके बल पर हम एक दिन निश्चित रूप से कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी जब किसी खेल को खेलते हैं तो पूरे हौसला और जुनून के साथ खेलना चाहिए तभी उनकी प्रतिभा निकलकर सामने आएगी और वह राज्य एवं देश के लिए प्रतिनिधित्व कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि फुटबॉलर बनना मेरा बचपन से ही शौक था और जब मैं इंडिया टीम के लिए चयनित तो मुझे कप्तान बनना था और मैं पूरे ईमानदारी के साथ काम करती गई। यही वजह है कि मुझे हमारे कोच के द्वारा कप्तान बनाया गया। इससे मैं काफी खुश हूं। उन्होंने झारखंड सरकार बिशुनपुर वासी सहित पूरे राज्य के लोगों को सपोर्ट करने के लिए धन्यवाद दी है।

### बारीकियों पर विस्तृत चर्चा की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया इंटर महाविद्यालय के सभागार में आज पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सत्र के तीसरे दिन प्रतिभागी बच्चों के बीच आत्म परिचय और आत्मविश्वास विकसित करने की बारीकियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान लघु नाटकों के माध्यम से प्रशिक्षणरत बच्चों ने उपरोक्त विषयों के जीवन्त पक्षों का सजीव प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिन्द्रा प्राइड क्लासेज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए आज बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, जिला कौशल अधिकारी अविनाश कुमार और जिला नियोजन अधिकारी श्री राम कुमार बतौर पर्यवेक्षक विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रतिभागी बच्चों के प्रदर्शन और कार्यक्रम की रुपरेखा से प्रभावित अधिकारियों ने भी इस दौरान बच्चों को संबोधित करने का काम किया। इसके लिए उन्होंने सामुहिक रूप से बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण, स्कील डेवलपमेंट और नेतृत्व क्षमता से संबंधित कई तरह की बारीकियों की चर्चा करते हुए बताया कि एक स्मार्ट व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है और यही वह कारण है सरकार ने एमओयू साईन कर ऐसे कार्यक्रमों को प्रायोजित करने में अभिरुचि दिखा रही है। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर इस कार्यक्रम के लिए बसिया इंटर महाविद्यालय का चयन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह अपने आप एक अनुठा प्रयोग है जबकि गुमला जिले के अंदर पहली बार बसिया जैसे ग्रामीण व जनजाति बहुल किसी कस्बे का चयन इस तरह के कार्यक्रम के लिए किया गया है।

## सीएचसी डुमरी में परिवार कल्याण दिवस का किया आयोजन

**डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में फैमिली प्लानिंग के तहत परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फैमिली प्लानिंग को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही लाभार्थियों के बीच निःशुल्क गर्भनिरोधक ओसीपी, कंडोम, छाया निष्चय किट एवं अंथरासुई कोपर-टी का वितरण किया गया। वहीं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर उपस्थित लाभार्थियों से सवाल जवाब किए गए जिसमें सही जवाब देने वाले योग्य दंपति विनीता उरांव, गीता देवी, वंदना तिर्की, मनिता उरांव, अष्टमी कुमारी एवं सावित्री देवी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर ब्लॉक एकाउंटेंट मैनेजर इंदु कुमारी, देवकुमार प्रसाद सिंह, सुषमा मरियम मिंज, बी टी टी शांता टोप्पो, जोसफिन कुजूर, सहिया शोषण लकड़ा, रंजीता कुमारी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

## अधेड़ का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटाम्बी स्थित छऊवा नहर के किनारे खेत से घाघरा पुलिस ने गुरुवार को नंग-धड़ंग अवस्था में एक अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान टोटाम्बी जतरा टोली निवासी लगभग 45 वर्षीय नगदा उरांव के रूप में की गई है। गुरुवार की अहले सुबह लोग शौच के लिए नहर की ओर गए थे, इसी दौरान खेत पर नंग धड़ंग अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। जिसके बाद सूचना घाघरा थाना को दी गई सूचना मिलते ही थानेदार अमित कुमार चौधरी घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बीते बुधवार को चेचे पाठ गांव में करमा वासी था जहाँ नगदा गया था और वहां से शराब के नशे में वापस लौट रहा था इसी दौरान अत्यधिक नशे में होने के कारण वह कपड़ा खोल कर खेत पर पड़े पानी में जाकर सो गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई होगी। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा नगदा काफी नशे में था इसी कारण खेत में जमे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### मृत व्यक्ति हो गया था जिंदा: ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि मृत नगदा उरांव को जब पोस्टमार्टम के लिए मालवाहक पिकअप पर उठाकर ले जाया जा रहा था, इसी दौरान टोटाम्बी मैदान में गाड़ी को रोका गया की परिजन आकर देख ले जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए ले जाया जायेगा। जैसे ही परिजन पहुंचे मृत व्यक्ति का आंख खुल गया और मुंह भी खोलकर कुछ बोलने का प्रयास करने के जैसा करने लगा जिसके बाद आनन-फानन में उसे उर्मि स्थित अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया।

## मुरली बगीचा तालाब में शहर की समृद्धि और समरसता के लिए सामूहिक दीपदान आज

# स्वच्छता में ही समृद्धि का वास होता है: कार्यपालक पदाधिकारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** धनतेरस को शाम 5 बजे से 6:30 के बीच शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 अंतर्गत मुरली बगीचा तालाब में सामूहिक दीपदान का आयोजन रखा गया है। शहर की समृद्धि, समरसता और चहुंमुखी विकास के संकल्प के साथ आयोजित होने जा रहे इस दीपदान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त श्री सुशांत गौरव मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि गण, सामाजिक संगठन, पदाधिकारीगण, आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि कल के इस सामूहिक दीपदान कार्यक्रम में शहर के कई सामाजिक संगठनों जैसे लायंस क्लब, रोटरी क्लब, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच, उरांव सरना कल्याण समिति एवं जितने छठ पूजा समितियां और अन्य सामाजिक सांस्कृतिक संगठन हैं उन सभी को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। संजय कुमार ने शहर के आम लोगों से भी अपील की कि वे इस अनूठे सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रम में एक दीया जलाने जरूर आयें। बताया कि इस दौरान जलाशयों की स्वच्छता का संकल्प भी उपायुक्त एवं नगर परिषद अध्यक्ष की ओर से दिलाया जाएगा ईओ संजय कुमार ने शहर के अन्य इलाकों में स्थित जलाशयों की साफ-सफाई के लिए भी स्वैच्छिक श्रमदान से सामूहिक अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलस्त्रोत हमारे पर्यावरणीय धरोहर हैं, इनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए त्यौहार सबसे अच्छे मौके होते हैं जब हम उनकी साफ सफाई करें और कृतज्ञता स्वरुप वहां एक एक दीप जलायें। दीपदान के बाद अगले दिन भी आयोजन स्थलों की सफाई करना न भूलें।

### नगरपालिका आम निर्वाचन 2022-23 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2022–23 को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग एवं ज़िला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी के द्वारा आगामी नगरपालिका आम चुनाव के तहत तैयारी से संबंधी कार्य से अवगत कराया गया। इस क्रम मे उपायुक्त के द्वारा चुनाव से संबंधी मतदाता सूची तैयारी व उनका प्रकाशन, मतदान केंद्र, ब्रजगृह, कोषांग का गठन इत्यादि जैसे महत्तपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। सभी गतिविधियों को ससमय पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। इस बैठक मे उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा अजीत चौधरी, प्रधान लिपिक, हीरालाल साहू, जनसेवक, राम कुमार यादव, जनसेवक, विद्या सागर साहू, जनसेवक, कंप्यूटर ओप्रटोर, सौरभ गुप्ता, राजेश कुमार, राजा हेल्प डेस्क मैनेजर, शेखर कुमार गुप्ता, प्रमोद साहू, सशिकांत भारती उपस्थित थे।

### खड़िया पाड़ा में बोरवेल का हुआ उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद द्वारा निर्मित सोलर एनर्जी बेस्ड समरसेबल मोटर पंप बोरवेल का उदघाटन शुक्रवार को वार्ड नं 4 खड़िया पाड़ा में किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव व उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन ने इस बॉरवेल का उदघाटन किया। वाटर सप्लाई स्कीम एचवाईडीटी बोरवेल व सोलर एनर्जी बेस्ड समरसेबल मोटर पंप के उद्घाटन से आसपास के इलाके में हर्ष है। क्योंकि ये इलाका ड्राई जोन माना जाता है। नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव ने कहा कि जल इंसान की बुनियादी जरूरत है। और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए नगर परिषद हर संभव प्रयास कर रहा है। वहीं उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने कहा कि इस योजना से मुहल्ले वासी लाभान्वित होंगे। उन्होने मुहल्ले वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आपकी संपत्ति है। यह आपके उपयोग के लिए बनाई गई है। इसकी निगरानी, देखरेख व सुरक्षा आपको करनी है। वार्ड पार्षद सीता देवी ने कहा कि यह बोरवेल वार्ड वासियों के लिए नगर परिषद के द्वारा बनाया गया है। इससे क्षेत्र में पानी की किल्लत में काफी कमी आयेगी। इस अवसर पर संवेदक महफूज, शमीम, प्रकाश, इलियाजार सहित काफी संखया में मुहल्ले वासी उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री के आरोप में एक गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के सोंगरा गांव निवासी कृष्णा राय को अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में पुसो पुलिस ने भुरसो गांव से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस बावत थानेदार सत्यम गुप्ता ने बताया कि कृष्णा राय अपने ससुराल भुरसो में रहता है और किराये के एक मकान लेकर चाउमीन की दुकान चलाता है। गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने दुकान में अंग्रेजी एवं महुआ शराब की अबैध रूप से बिक्री करता है, सूचना के आधार पर गुरुवार को उसके दुकान में छापेमारी की गई छापेमारी में दुकान व घर से 8 बोतल अंग्रेजी एवं 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत कृष्णा राय के विरुद्ध कांड दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवाकी में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी बिष्णुदेव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, सीडीपीओ अनुपमा मिंज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 11 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के द्वारा 7 महिला मंडल को दस लाख पचास हजार का लोन का ड्राफ्ट, मनरेगा के तहत 10 परिवारों को जॉब कार्ड, 20 जरूरतमंद को कम्बल, 10 पीपीओ, स्वास्थ्य विभाग के तहत एनडीटी 10 बच्चों को दवा, 17 बूस्टर डोज, 8 लोगों को आंख जाँच किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि कार्यक्रम के तहत केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे सभी योजनाओं को लोगों के बीच बताया जा रहा है। ताकि लोग उसका पूर्णरूपेण लाभ उठा सके सभी विभागों का स्टॉल कार्यक्रम में लगाया गया है। ताकि किसी भी ग्रामीण को कोई भी परेशानी उठानी ना पड़े। अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम मैं ग्रामीणों तक पहुंच कर उनकी समस्या सुन त्वरित निदान करना है कई समस्या से संबंधित कार्यों का निष्पादन भी ऑन द स्पॉट किया जा रहा है लोग उसका लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम आप ग्रामीण लोगों के लिए ही चलाई जा रही है, ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव टुरुण्डू के समीप आज शुक्रवार को दिन के लगभग डेढ़ बजे के आसपास सफेद रंग की एक बोलेरो गाड़ी संख्या खल्01इख /2625 असंतुलित होकर एक बिजली एक खम्भे जा टकराया।जिसमें चालक अमर धान ,उम्र लगभग 25 वर्ष (टुरुण्डू टिंगटोली निवासी )की मौत घटनास्थल पर हो गई।बताया जा रहा है कि मृतक युवक( चालक) तोरपा की ओर से बोलेरो गाड़ी मे तेल भरवा कर अपने घर टिंगटोली लौट रहा था।उसी दौरान गांव टुरुण्डू के समीप खूंटी–सिमडेगा मुख्य पथ पर अचानक उसका गाड़ी असंतुलित हो गया और मुख्य पथ से हटकर दाहीने की ओर गड्ढे एवं झाड़ियों के बीच घुसकर एक बिजली के खम्भे से जा टकराया जिसमे उसके सिर मे गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मृतक युवक नशापान नहीं करता था।जिसके कारण संभवतः गाड़ी मे आई तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुई होगी। इधर घटना की खबर लगते ही कामडारा पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहूंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल करने के बाद शव को अपने कब्जे मे लेने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया।

### जन्म से पहले व मरने के बाद योजनाओं से सरकार करती है मदद : सीओ

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड बनारी पंचायत स्थित हेसराग गांव में प्रशासन द्वारा आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से बीडीओ छंदा भट्टाचार्य सीओ धनंजय पाठक आईटीडीए डायरेक्टर उपस्थित रहे इस अवसर पर कई जरूरत मंदो ने शिविर में पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवेदन किया। मौके पर धनंजय पाठक ने कहा कि सरकार जन्म से पूर्व एवं अंत काल के बाद भी कइ अलग–अलग योजनाओं से गांव के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है जरूरत है आप योजनाओं की जानकारी रखने के साथ–साथ सशक्त व्यक्ति बने कुशल समाज बनाएं तभी जाकर आपके गांव आपके पंचायत आपके प्रखंड का विकास होगा। इससे पूर्व बुधवार को नरमा पंचायत के टुटआ मोड़ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां काफी संख्या में आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन सौंपा मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि फूलो झानो आशीर्वाद योजना से जुड़ कर आप खुद कब है पर शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की महिला हड़िया दारू को बिजनेस का माध्यम बनाकर खुद को आत्मनिर्भर करने का प्रयास ना करें यही वजह है कि आज समाज एवं महिलाओं को कई कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है सरकार के द्वारा कई जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान श्रम कार्ड सभी जरूरतमंद बनवाएं। शिविर में 456 आवेदन विभिन्न विभागों में आवेदकों ने दिया परिसंपत्ति व कंबल का वितरण किया गया इस मौके उप प्रमुख चंदन सिंह मुखिया बसनू उरांव गणेश राम महतो जितेंद्र भगत संदीपा कुमारी प्रदीप भगत संदीप उरांव सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी 6 में उत्साह से मनायी गयी दीपावली



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी 6 में गुरुवार को बच्चों ने दीपो का पर्व दीपावली रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक पोशाक पहने रंग-बिरंगे दीपों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने दीपावली की महत्ता एवं उद्देश्य को लेकर कविता, भाषण एवं नृत्य पेश किया गया। प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि इस तरह के क्रियाकलापों में भाग लेने से बच्चों में अपनी संस्कृतियों को जानने का अवसर मिलता है। दीपावली दीपो का त्योहार है। इस दिन भगवान राम 14 वर्ष का वनवास पूरा और रावन बध कर श्रीलंका पर जीत दर्ज कर अयोध्या लौटे थे। दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक भी है। इस दिन हम सभी अपने अंदर की बुराइयों को मिटाकर सही रास्ते पर चलने का संकल्प लेते है। इश दौरान कक्षा एक और दो के बच्चों ने नृत्य के जरिए विभिन्न आकृतियां बनाई। रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका भी पेश किया गया। प्रतिभागियों में काव्या, आव्या कृशांत, शिवांजय, अर्पण, प्रिंस, प्राजना, सक्षम वैद्य ओजस ओम कश्यप, कोमल, प्रेरणा, रचित प्रसाद, सताक्षी, चित्राक्षी, क्षितिजा सिंह, अश्रिता, वेदांत आद्या, प्रींस, कोमल, अलीसा, प्रेरणा शताक्षी आदशी, रिया, रुद्रा देवाशीष, संकेत सोरेन, मयंक और वेदांत के अलावा सोनिया, अराधना, झूमा चक्रवर्ती, नीलम झा, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

### ड्रैगन किंग्डम थीम पर बन रहा मां काली का भव्य पंडाल



कतरास (आजाद सिपाही)। श्रीश्री सार्वजनिक काली पूजा समिति पोस्ट ऑफिस रोड कतरास बाजार की ओर से प्रेस वार्ता कर समिति के ईश्वरी नारायण पांडे ने बताया कि वर्ष 2003 से पोस्ट ऑफिस रोड में काली पूजा की शुरूआत की गई थी जो आज भव्य रूप ले चुका है। वर्ष 2022 के पूजन उत्सव में ड्रैगन किंग्डम के थीम पर गोदा धनबाद के अखिलेश चौहान की टीम द्वारा पंडाल-सज्जा आयोजित हो रहा है। जिस पर करीब आठ लाख रुपये खर्च आयेंगें। दरबार के मार्ग में 1501 दीपक से आलोकित और मां के श्रृंगार के सभई अलंकार व 5001 चुनरी से सुसज्जित किया जा रहा है। मां के भव्य मूर्ति का निर्माण धारकीरो के नर्सिंह और अमित पंडित कर रहे हैं। इस दौरान बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न संस्थाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया है। पूजा आयोजन में ईश्वरी नारायण पांडे, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार कुमार, अमिताभ, अजय विश्वकर्मा, सौरभ सिंह, सरोज विश्वकर्मा, अरविंद राजगढ़िया और अमित रजक आदि लगे हुए हैं।

### वेतन समझौते को लेकर गोविंदपुर एरिया-3 में प्रदर्शन



कतरास (आजाद सिपाही)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत इनमोसा ने क्षेत्रीय कार्यालय पर गाजे-बाजे के साथ धरना प्रदर्शन किया। गोविंदपुर एरिया तीन इनमोसा वेतन समझौता और फूल चार्ज एलाउन्स का एरियर का भुगतान सहित कई अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करने के साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन को एक मांग पत्र भी सौंपा गया। प्रदर्शन में गोविदपुर एरिया-3 के सभी कोलियरी के माइनिंग सरदार व ओवरमैन शामिल हुए। कोल इंडिया इनमोसा के महामंत्री रमेश कुमार विश्वकर्मा, प्रवक्ता श्यामदेव दास, ब्लॉक टू के बजरंग कुमार, बलदेव भाट, उमेश प्रसाद सुशील सिंह, एरिया सेक्रेटरी जयराम प्रसाद साव, गोविन्दपुर एरिया इनमोसा के संरक्षक देवाशीष चटर्जी, श्याम रवानी, आरके मंडल, विजेंद्र प्रसाद महतो, सीताराम रविदास, नवीन कुमार सिंह, अभय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार खरवार, मनोज कुमार मंडल, उमेश सिंह, भगवान दास, कन्हाई महतो, सुभाष साव, विक्रांत कुमार, विनोद बिहारी महतो, दुर्गा प्रसाद साव, मनोज कुमार गुप्ता, अशोक साहू, फीदा हुसैन, कुणाल किशोर, उमेश साव, दयाशंकर सिंह, मनोहर कुमार, आशुतोष तिवारी, घनश्याम यादव, विश्वनाथ नायक, जितेंद्र कुमार पाल आदि शामिल थे।

### मातृभाषा और संस्कृति के अनुसार जीवन जीना चाहिए : पूर्व आइपीएस निर्मला कौर




कतरास (आजाद सिपाही)। अंग्रेजी सहित कई अन्य भाषा की जानकारी होना बेहद जरूरी हो गया है। लेकिन अपने जीवन में उसका प्रयोग करना जरूरी नहीं है। अपनी दिनचर्या में अपनी मातृ भाषा और संस्कृति का ही प्रयोग करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व आईपीएस ऑफिसर निर्मला कौर ने कही। वे गुरुवार को अखिल भारतीय विधारथी परिषद छात्रा सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अपने छात्र जीवन के कई अनुभव साझा किए। कहा कि आप लोग अपने जीवन काल में जिस तरह के कपड़े का उपयोग करे, जिस सभ्यता में जिना चाहे जिए लेकिन कोई महिला घूंघट लिए है या अपनी भाषा अपनी संस्कृति के अनुसार कपड़े पहनकर निकलती है तो उसका मजाक ना उड़ाये। सबको अपनी मातृभाषा और संस्कृति के अनुसार जीने का अधिकार है। वहीं डाक्टर शिवानी झा ने छात्राओ के बीच जीवन उपयोगिता से संबंधित कई जानकारी दी।

### मैथन पहुंचे सीआइएसएफ महानिरीक्षक



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। वार्षिक निरीक्षण के क्रम में सीआइएसएफ पूर्वी खंड महानिरीक्षक हेमराज गुप्ता शुक्रवार को डीवीसी मैथन पहुंचे। उनके मैथन आगमन पर मैथन ईकाई के उपसमादेष्टा पीके विश्वकर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कोटे, कैंटीन सभी ड्यूटी पोस्ट आदि स्थानों का निरीक्षण किया और पदाधिकारी एवं जवानों को दिशा निर्देश दिया। सैनिक सम्मेलन के माध्यम से बल सदस्यों के कल्याण, विभिन्न योजनाओं सहित बल सदस्यों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए, अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठ ढंग से पालन पर जोर दिया। डीवीसी प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक असैनिक सह परियोजना प्रमूख अंजनी कुमार दुबे व अन्य उच्च अधिकारियों से विभिन्न मुद्दो पर चर्चा किया। महानिरीक्षक शनिवार की सुबह अपने गंतब्य के लिए रवाना होंगें।

## विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल का विधायक ने किया निरीक्षण, आवेदनों की ली जानकारी

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए ही:डॉ लंबोदर

**प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों के बीच परिसंपत्ति, स्वीकृति पत्र का हुआ वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते विधायक डॉ लंबोदर महतो व अन्य।

**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरूडीह/गोमिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आम जनों को ही लाभावित करने के लिए चलाया जा रहा है। सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और पहुंचाना है। उन्होंने पंचायत क्षेत्र की पेयजलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कोनार्क नदी से अलग पेयजलापूर्ति की व्यवस्था शुरू करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को माडल अस्पताल बनाने आदि को लेकर अपनी बात रखीं। वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लोगों को देना है। सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जा रहे है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। आवेदकों का ऑन लाइन निबंधन किया जा रहा है, उन्हें यूनिक आइडी नंबर जारी किया जा रहा है, जिससे आवेदनों की प्रगति की मानिटरिंग किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि जिले के विभिन्न पंचायतों, नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्र में अब तक आयोजित शिविरों में लगभग 1.5 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका निष्पादन किया जा रहा है।

### विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का विधायक लंबोदर महतो, डीसी कुलदीप चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों से प्राप्त/स्वीकृत आवेदनों की जानकारी ली और निष्पादन से संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने उपस्थित ग्रामीणों को ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती-साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, दोनों पंचायतों की मुखिया, अपर समाहर्ता सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अनंत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड प्रमुख, बीडीओ कपिल कुमार, अंचलाधिकारी संदीप कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश सिंह आदि थे।

## दुर्घटना में राहत एवं बचाव कार्य के लिए चलाया गया मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** ट्रेन दुर्घटना होने पर राहत एवं बचाव कार्य कैसे किया जाय को लेकर शुक्रवार को महुदा रेलवे स्टेशन के समीप मॉक ड्रिल चलाया गया। सुबह 10 बजे से महुदा रेलवे स्टेशन पर हुटर लगातार बजने लगा। जिससे यह जताया गया कि किसी जगह कोई यात्री ट्रेन या सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। हुटर बजने के कुछ देर बाद आद्रा मंडल का आपदा प्रबंधन दल सभी अधिकारियो के साथ रिलीफ मेडिकल वेन के साथ पहुंच गये। बताया गया था कि महुदा रेलवे स्टेशन पर रांची मासाग्राम सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन के पहुंचने के कुछ देर के पश्चात राष्ट्रीय आपदा बचाव दल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। उसके बाद मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, वरिष्ट मंडल सरंक्षा अधिकारी डी माझी, एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रणधीर सिंह के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भी पहुंची। दुर्घटनास्थल पर प्राथमिक चिकित्सा,हेल्पलाइन के अलावा कई तरह के बुथ बनाये गये थे। विभिन्न टीमों के सदस्य वहां पहुंचते ही बचाव कार्य आरंभ कर दिये। एनडीआरएफ और रेलले की टीम ने संयुक्त रुप से मॉकड्रिल का अभ्यास किया। वहीं, आद्रा डिविजन के डीआरएम मनीष कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास कराया गया। इस तरह के अभ्यास से विभागीय कर्मचारियों के प्रदर्शन का आंकलन किया जाता है। बताया कि इस ड्रिल का मूल उद्देश्य सभी रेल कर्मियों की तत्परता की जांच करना है, ताकि किसी भी परिस्तिथि का सामना करने के लिए हर क्षण तैयार रहें।

### तेनुघाट में चला वाहन जांच अभियान



तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट थाना के पास वाहन शुक्रवार को बोकारो ट्रैफिक पुलिस की ओर से जांच अभियान चलाया गया। इसमें एएसआई सोना मुंडा, एएसआई शैलेंद्र महतो, बिनोद कुमार एवं फूलचंद रजवार शामिल थे। एएसआइ सोना मुंडा ने बताया कि वाहन जांच के दौरान 34 वाहन चालकों से बतौर जुर्माना कुल 47 हजार रुपये ऑन लाईन वसूला गया। साथ ही लोगों से वाहनों के दस्तावेज रखने और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। लगे हाथ आगे भी इस तरह का अभियान चलाए जाने की जानकारी दी।

## तोड़फोड़ मामले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** निचितपूर में संचालित डेको आउटसोर्सिंग कंपनी की गाड़ियों में की गई तोड़फोड़ मामले में फरार आरोपी सुभाष महतो और राजू रवानी को पुलिस ने गुरुवार की रात बांसजोडा बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। कंपनी के साईट इंचार्ज जय शंकर की शिकायत पर इन लोगों के खिलाफ कांड अंकित हुआ था। मालूम हो कि 19 सितंबर 2021 को निचितपूर उत्खनन परियोजना में ब्लास्टिंग की गई थी। हैवी ब्लास्टिंग से उडे बडे-बडे पत्थर बांसजोडा बस्ती के आधा दर्जन लोगों के घरों पर गिरा था, जिससे कई लोगों के घरों की छत क्षतिग्रस्त हो गई थी। इससे आक्रोशित ग्रामीणों हमला कर तोड़फोड़ कर दी थी।

## कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
### नगर पंचायत डोमचाँच

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण संख्या – 04/2022–23 दिनांक– 20.10.2022

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | Const. of guard wall from the land of sanjay Mehta to the land of anu Mehta. | 1147700.00 | 23000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 2 | 13 | Const. of guard wall from the khet of prakash yadav to the khet of babni Mehta. | 1303900.00 | 27000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 3 | 09 | Const. Beautification of Cultural Building Under Nagar Panchayat Domchanch. | 2446400.00 | 49000.00 | 5000.00 | 4Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | 02-11-2022 | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 09-11-2022 | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | | 11-11-2022 | | |
| D | Date of opening Tender | | | 12-11-2022 | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | | |
| F | Helpline No. | | | 9430497772 | | |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत डोमचाँच

PR 280698 Urban Development (22-23)_D

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

# सेना व पुलिस के जवानों की शहादत अतुलनीय:एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/बलियापुर।** पुलिस स्मृति दिवस पर शुक्रवार को धनबाद के पुलिस लाइन में शहीद जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रम धनबाद एसएसपी संजीव कुमार की अगुवाई में संपन्न हुआ। शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों को सलामी दी गई। इसके बाद शहीद जवानों के सम्मान में विशेष परेड किया गया। परेड के दौरान शस्त्र झुकाकर सलामी दी गई। दो मिनट का मौन रखकर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान एक वर्ष में शहीद हुए पांच शहीद जवानों के परिजनों को एसएसपी तथा ग्रामीण एसपी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एसएसपी ने कहा कि सेना के जवान सीमा पर देश की रक्षा के लिए शहीद होते हैं। और पुलिस के जवान सीमा के अंदर देश की रक्षा में शहीद होते हैं। दोनों ही सूरत में शहादत अतुलनीय है। इन्हें सम्मान देकर हम खुद सम्मानित महसूस कर रहे हैं।1 सितंबर 2021 से लेकर 31 अगस्त 2022 तक ड्डारत ड्डार के 261 जवानों ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी है। जिनकी शहादत को नमन है।

### सीआरपीएफ कैंप में मनाया गया शहीद स्मृति दिवस

बलियापुर के प्रधानखंता स्थित सीआरपीएफ 154 बटालियन कैंप में शुक्रवार को सीआरपीएफ जवानों ने शहीद स्मृति दिवस मनाया। वीर शहीदों के वीरता तथा वीरगति को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कमांडेंट अच्युतानंद ने शहीद जवानों के स्मृति दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन 1959 में सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के मात्र एक कंपनी के 20 जवानों के गस्ती दल ने हॉट स्प्रिंग लद्दाख में चीनी सेना के एक बड़े दस्ते से वीरता के साथ लोहा लिया। इसमें अपनी मातृड्डूमि की रक्षा करते हुए 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। जिस बहादुरी से चीनी सेना का मुकाबला किया वह सेना के इतिहास में अद्वितीय है उन्होंने बटालियन के अधिकारियों व कर्मियों को मनोबल ऊंचा बनाए रखने की बातें कहीं। मौके पर सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सरोज समेत अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

## Government of Jharkhand
### Urban Development & Housing Department
### Municipal Corporation, Hazaribag

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/ 27/2022-23**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain with cover slab from the H/o of Ashis Sinha to H/o Sita Ram Soni via Modi in Mugma Bagicha, from H/o Pradeep Kumar to H/o Suman Singh, both side beyond K.D Children School and repair of P.C.C Road in Ward No. 27 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 41,05,000/- | 84,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |
| 2. | Construction of P.C.C road from new colony Shiv Mandir to Nilu Mehta and in LIC gali, HIG 25 to the house of Dhirendra Pandey in housing Board Colony, NH 33 to the house of Bhim Mehta in Saurav Nagar, Gali of Baldeo Mehta, Laldhari Gope and Geeta Devi Vikas Nagar, H/o Pankaj Mehta to the H/o Ashok Mehta in cooperative colony, Mariyam Tola main road to the H/o Pappu Ram, gali no. 08 to the H/o Katariyar in Canary Hills colony, the H/o Sanjay Mehta before Sichai colony & LIC 71 to Yaswant Singh via Anupam Sinha, Mehta ji, Balram Sahu in Housing Colony in Ward No. 05 (Five) under Municipal Corporation, Hazaribag. | 95,00,000/- | 1,90,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |
| 3. | Renovation and construction of Chhath Ghat near Gandhi Smarak. | 44,17,000/- | 90,000/- | 10,000/- | 04 Month (120 days) |
| 4. | Laying of paver block from Babu Gaon Multi Gym to H/o Engineer Sahab, from Jabra road pond to NH-100 via Nusan Saw gali, from Brambey Aawas dusaha samsan ghat to survey road in ward no. 08 (Eight) Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 94,97,000/- | 1,90,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 21.10.2022 at 11:00 A.M. | | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 04.11.2022 up to 2:00 P.M. | | | |
| 4 | Hardcopy Submission date | 05.11.2022 11:00 am to up to 2:00 P.M. | | | |
| 5 | Bid Opening date | 05.11.2022 at 02:00 P.M. | | | |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 05-11-2022 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 280682 Urban Development and Housing(22-23)D

# मैनेजमेंट के छात्रों को निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी चाहिए : ग्रिडको निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड (ग्रिडको) के निदेशक श्री गगन बिहारी स्वाई निदेशक (वित्त) ने बुधवार को कहा कि कॉलेज में पढ़ाई के समय से ही प्रबंधन के छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का उचित प्रबंधन करना और आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना सीखना चाहिए।

सोआ के प्रबंधन विज्ञान संकाय के बिजनेस एंड कंप्यूटर साइंस संस्थान (आईबीसीएस) में बीबीए और इंटीग्रेटेड-एमबीए छात्रों के लिए फ्रेशर्स इंडक्शन प्रोग्राम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीखते समय आपके द्वारा विकसित किया गया आत्मविश्वास और क्षमता आपके भविष्य को आकार देगी।

आइबीसीएस के डीन प्रो अनूप कुमार सामंतराय ने एक संगठन में प्रबंधक की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि नये छात्रों को सफल प्रबंधकों के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किया जायेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतांशु रथ अतिरिक्त महाप्रबंधक (एचआर) ओडिशा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओपीजीसी) ने अपने ऑन-फील्ड अनुभव को साझा करते हुए कहा कि छात्रों को बदलते परिदृश्य में खुद को तैयार करना चाहिए। डीसीबी बैंक के प्रमुख (एचआर) श्री सौरभ अग्रवाल ने नेटवर्किंग कौशल को बढ़ाने पर जोर दिया। सोआ के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. प्रदीप्त कुमार नंद जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने छात्रों से बड़ा सोचने और समस्याओं के समाधान खोजने के लिए अलग सोचने का आग्रह किया। प्रो (डॉ) ज्योति रंजन दास डीन (छात्र कल्याण) और प्रो (डॉ) एके महांती अकादमिक समन्वयक (बीबीए प्रोग्राम) ने भी बात की।

# दिवाली के दौरान सुरक्षित रहें : डॉ श्रीकांत कुमार साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दिवाली रोशनी और खुशियों का त्योहार है और जरूरी नहीं कि पटाखे ही हों। हम अपने आसपास के लोगों और पर्यावरण के प्रति सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक रहें। पटाखों को जलाते समय प्रत्येक बच्चे की देखरेख एक वयस्क द्वारा की जानी चाहिए और जलने की किसी भी चोट और जटिलताओं से बचने के लिए हम सभी को सभी सावधानी बरतनी चाहिए यह बातें नेत्र रोग सलाहकार डॉ श्रीकांत कुमार साहू और नेत्र संस्थान भुवनेश्वर के एलवी प्रसाद ने कहीं। पीड़ित एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 0674 2653005/2653220 पर संपर्क कर सकते हैं।

## करने योग्य बातें

1: पटाखों को अधिकृत निमार्ताओं से ही खरीदें और उन्हें 2 दिनों के लिए धूप में सुखाएं
2: उन्हें कार्डबोर्ड बॉक्स में बच्चों की पहुंच से दूर और ज्वलनशील सामग्री जैसे गैस सिलेंडर या तेल के डिब्बे से दूर रखें।
3: पटाखों से खेलते हुए बच्चों को कभी अकेला न छोड़ें।
4: पटाखे फोड़ते समय हमेशा सुरक्षात्मक चश्मे का प्रयोग करें।
5: एक समय में एक ही व्यक्ति को पटाखा जलाना चाहिए, दूसरों को सुरक्षित दूरी से देखना चाहिए।
6: खुले क्षेत्र में पटाखे जलायें।
7: पटाखे जलाने के लिए हमेशा लंबी मोमबत्ती या फुलझरी का प्रयोग करें।
8: दो बाल्टी पानी संभाल कर रखें - जलने की स्थिति में, प्रभावित क्षेत्र पर ढेर सारा पानी डालें।
9: किसी भी तरह की चोट लगने पर तुरंत अस्पताल पहुंचें। स्वयं औषधि न करें।
10: गंभीर रूप से जलने पर, आग बुझाने के बाद पीड़ित को एक साफ चादर में लपेट कर अस्पताल ले जायें।

## क्या नहीं करें

1: पटाखे हाथ में पकड़कर न जलायें
2: पटाखों को जलाते समय झुकें नहीं।
3 : कंटेनर के अंदर पटाखे न जलाएं - जैसे बोतल, टिन के डिब्बे या पलटे हुए बर्तन में - यह बहुत खतरनाक हो सकता है।
4: पटाखों के पास जाने से पहले थोड़ी देर प्रतीक्षा करें जो तुरंत नहीं जलते हैं।
5: अपना खुद का पुनर्नवीनीकरण संस्करण बनाने के लिए बचे हुए पटाखों को इकट्ठा न करें।
6: पटाखों को जेब में न रखें।
7: जलती हुई मोमबत्ती, दीये या अगरबत्ती के पास पटाखे न रखें
8: पटाखे फोड़ते समय सिंथेटिक कपड़े या ढीले कपड़े न पहनें - केवल मोटे सूती कपड़े पहनें और सभी कपड़ों को ठीक से सुरक्षित से पहनें।
9: अगर तेज हवा चल रही हो तो उड़ते हुए पटाखे न जलायें।
10: जले हुए स्थान पर क्रीम या मलहम या तेल न लगाएं, इसके बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता लें।

# जीवन भर जरूरतमंदों की सेवा करता रहूंगा : जैलेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी के ईद कटहर टोली निवासी सुरेश करमाली (40) का पिछले दिनों गंभीर बीमारी से मौत हो गयी थी, परिवार में पत्नी संगीता देवी (36 वर्ष) एवं एक पुत्री खुशी कुमारी (18 वर्ष) है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है। इसकी जानकारी होने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जशपुरिया सेवा केंद्र प्रमुख जैलेंद्र कुमार ने उनके श्राद्ध नगद राशि एवं खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। उनके साथ सिकिदिरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, चिंता साहू, मंत्री मुंडा, ग्रामप्रधान लाल सिंह मुंडा आदि रहे। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा जीवन भर करता रहूंगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए वेदांता एल्यूमिनियम ने मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा वेदांत एल्युमिनियम ने सुंदरगड जिले में मोबाइल हेल्थ यूनिट (एमएचयू) सेवाएं शुरू की हैं, ताकि दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया जा सके। कंपनी ने झरपलम गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने एमएचयू के चिकित्सा पेशेवरों द्वारा प्रदान की जाने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

अपने एमएचयू के माध्यम से वेदांत एल्युमिनियम सुंदरगड के कई गांवों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में मदद करेगा, जिसमें प्रारंभिक चिकित्सा परामर्श, रक्त परीक्षण, रक्तचाप की निगरानिगरान और सामान्य बीमारियों के लिए आवश्यक दवाएं शामिल हैं। जो सभी झरपलम स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने वालों को मुफ्त प्रदान किए गए और एमएचयू सेवा के माध्यम से निवासियों को प्रदान किए जाते रहेंगे। एमएचयू की मेडिकल टीम में एक डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और समन्वयक शामिल हैं। इसके बारे में बोलते हुए वी श्रीकांत सीइओ-माइंस (वेदांत एल्युमिनियम) ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के सतत विकास लक्ष्य के प्रति वेदांत एल्युमिनियम की प्रतिबद्धता देश में सामूहिक स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने के हमारे प्रयासों में परिलक्षित होती है।

# घर में घुस कर 18 लाख से अधिक की लूटपाट की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक महानदी बिहार में लूट की घटना हुई है। लुटेरों ने सुबह सुबह घर में घुसकर 18 लाख रुपये से अधिक की लूटपाट की। महानदी बिहार के रहने वाले दीप्ति रंजन पटनायक के घर में अचानक लुटेरों ने घुस गये। घातक हथियार दिखा कर लूटपाट करने लगे। दीप्ति रंजन ने विरोध करने के लिए उन पर हमला करने से नहीं हिच किचाया। नतीजतन डकैतों के हमले से प्रतिरंजन घायल हो गया। वहीं लुटेरों ने लाखों रुपये के साथ जेवर भी लूट लिये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# इमरान खान 5 साल के लिए अयोग्य घोषित, बवाल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआइ नेता इमरान खान को 5 साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। उनकी संसद सदस्यता भी रद्द कर दी है। इस फैसले के बाद इमरान अगले 5 साल तक चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। इस फैसले के खिलाफ इमरान समर्थकों ने चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर जमकर हंगामा किया। इमरान समर्थकों ने यहां तैनात जवानों के साथ पहले हाथापाई की, फिर हवाई फायरिंग भी की। घटना में अब तक कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोनू की मदद की



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरीमहुआ (गिरिडीह)।** धनवार की जनता से मुझे काफी प्यार मिला है। यही वजह हैं कि मैं यहां के लोगों के बीच हमेशा रहता हूं और एक-दूसरे के दुख एवं सुख में साथ रहता हूं। दूसरों को मदद करने से मुझे काफी सुकून मिलता है। उक्त बातें भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहीं। इंफेक्शन फैलने से दोनों पैर गवां चुकी परसन की सोनू कुमारी के घर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम अपने स्तर से सरकारी मदद दिलाने का कोशिश करेंगे। श्री सिंह ने महिला को चलने के लिए एक प्राइवेट संस्था से कृत्रिम पैर दिलाने में सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने परसन की सोनी देवी के बारे में ग्रामीणों ने बताया था। इसलिए दीपावली के इस खुशियों के त्योहार में खुशियां बांटने पीड़िता के घर आया। उन्होंने पीड़िता को हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा भी दिया। इस मौके पर मुंशी राम, उदय सिंह, उपेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# बिट्टी बालपन प्ले स्कूल ने आर्ट एंड क्राफ्ट एक्टिविटी का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिट्टी बालपन प्ले स्कूल इंद्रपुरी में पीडीलाइट के सहयोग से आर्ट एंड क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया। पीडीलाइट की संध्या अग्रवाल एवं अन्य टीम मेंबर और बिट्टी बालपन प्ले स्कूल के शिक्षिकाओं ने नन्हें बच्चों को इस एक्टिविटी में जैसे पेपर-प्लेट बनाना, फोटो-फ्रेम बनाने में पूरा सहयोग किया। आर्ट एंड क्राफ्ट से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उक्त बातें पीडीलाइट से आये अतिथियों ने कही एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल के बेहतर कार्य के लिए काफी सराहाना की।

प्राचार्य राहुल कुमार ने बच्चे देश के कर्णधार होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों ने एक से बढ़ कर एक खूबसूरत क्राफ्ट का निर्माण किया है एवं पीडीलाइट द्वारा हर एक बच्चे को सर्टि फिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में बिट्टी बालपन प्ले स्कूल के प्रशाशनिक अधिकारी मनोज कुमार, शिक्षिकाएं नेहा झा, रीता कुमारी, इंदु पंडित, रेनू कुमारी, रिंकू कुमारी, तुलेश्वरी, पिंकी कुमारी, सपना सिंह, नेहांशू, नेहा, राजतान्या के अतिरिक्त अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस एक्टिविटी आयोजन पर बीआईटीटी ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी एवं चेयरमैन डॉ रंजित कुमार ने कहा कि हरेक बच्चों के अंदर प्रतिभा छुपी होती है। जरूरत है इसे निखारने की। साथ ही साथ उन्होंने इस तरह के आगे होने वाली कई सारे एक्टिविटीज के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ओड़िशा के तटीय क्षेत्र के रास्ते बंगाल की तरफ बढ़ेगा चक्रवात

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में पिछले कुछ दिनों से चक्रवात को लेकर बने माहौल के बीच अब एक अच्छी खबर सामने आयी है। उत्तर अंडमान सागर एवं निकटवर्ती इलाके में बना कम दबाव का क्षेत्र चक्रवात में तब्दील होगा, अब यह स्पष्ट हो गया है। हालांकि इस चक्रवात का ओडिशा पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक, मृत्युंजय महापात्र ने जानकारी दी है कि चक्रवात ओडिशा के तटीय क्षेत्र के रास्ते पश्चिम बंगाल एवं बांग्लादेश की तरफ बढ़ जायेगा। आइएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेस कर जानकारी दी है कि चक्रवात के प्रभाव से उत्तरी अंडमान सागर और आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। यह धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और 22 तारीख इसे गहरे दबाव में तब्दील होने की संभावना है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**